● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 07, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 04 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





आप के दिल्ली सरकार का मॉडल विफल हो गया : नायडू 5

मेरी पारी से युवराज काफी खुश होंगे : अभिषेक 6

## बसंत पंचमी पर संगम तट पर उमड़ा जन सैलाब

### संतों, संन्यासियों व श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**प्रयागराज।** महाकुंभ के तीसरे और आखिरी अमृत स्नान वसंत पंचमी पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर आस्था का जन ज्वार उमड़ पड़ा। रात्रि 12 बजे के बाद से ही श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगानी शुरू कर दी। भोर में चार बजे के बाद श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ गया। हर हर महादेव और हर हर गंगे के उद्घोष के साथ भक्तों ने पुण्य की डुबकी लगाई और मनवांछित फल की कामना की। सुबह पौने सात बजे से हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा शुरू हो गई। जूना अखाड़े के अमृत स्नान के दौरान अमृत वर्षा शुरू हुई। इसके बाद हर आधे और एक घंटे पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए जाते रहे।



महाकुंभ में वसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार वसंत पंचमी के दिन कला, संस्कृति, विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर मां सरस्वती का पूजन कर अमृत स्नान करने की परंपरा है। आज सुबह से ही अखाड़ों ने परंपरा के अनुसार दिव्य शोभा यात्रा के साथ अमृत स्नान किया। इसके साथ ही करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ कल्पवासियों ने भी पवित्र त्रिवेणी स्नान किया। कल्पवासियों ने विधि पूर्वक व्रत का पालन करते हुए सुबह से ही संगम में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य देते हुए सरस्वती पूजन भी किया।

महाकुंभ 2025 में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। जो प्रतिदिन पूरे माघ मास तीनों काल नियमपूर्वक गंगा में स्नान और व्रत का पालन करते हैं। महाकुंभ में वसंत पंचमी के स्नान विशिष्ट महत्व है। कल्पवासियों ने नियम पूर्वक मौन व्रत रख कर ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। महाकुंभ के विशाल मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टरों में बसे कल्पवासी प्रातःकाल में ही पैदल चल कर संगम तट पर आते जा रहे थे। उन्होंने करोड़ों श्रद्धालुओं और संन्यासियों के अखाड़ों के साथ अमृत स्नान किया।

पौराणिक मान्यता है वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। वर्तमान काल में तीर्थराज प्रयागराज में ही मां सरस्वती का वास है। जो अंतः सलिला रूप में गंगा, यमुना के संगम में मिल कर पवित्र त्रिवेणी बनाती हैं। वसंत पंचमी के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में स्नान का विशेष महत्व है। आज के दिन कल्पवासियों विधि पूर्वक संगम स्नान कर सरस्वती पूजन किया। संगम स्नान के बाद मां सरस्वती को श्वेत वस्त्र और श्वेत पुष्प अर्पित कर उनकी स्तुति की। श्रद्धालु और कथा वाचक अपने शास्त्रों और ग्रंथों का भी पूजन करते हैं।

## अरविंद केजरीवाल ने कोई वादा नहीं पूरा किया : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आम आदमी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री कहा अमित शाह ने कि 10 वर्षों तक केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा-कचरा, जहरीला पानी, तुष्टिकरण और धोखा ही दिया है।



शाह ने कहा, कनेक्टिविटी के नाम पर ऐसी सड़कें दीं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, ये पता ही नहीं चलता। पाइप के माध्यम से ये प्रदूषित पानी भेजने का काम कर रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर 65,000 फर्जी टेस्ट कराने का घोटाला इन्होंने किया। बारिश में बिजवासन तो छोड़िए, बल्कि आधी दिल्ली तालाब बन जाती है। केजरीवाल ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया, इसलिए आज आप के 50% से ज्यादा विधायक इन्हें छोड़ चुके हैं। केजरीवाल जी, आपके यहां ये भगदड़ क्यों मची है? गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज मैं नई दिल्ली वालों की ओर से आपको बताने आया हूं कि वहां केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं। दिल्ली की जनता इस झूठे व्यक्ति को जान गई है।

अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान केजरीवाल कहा था कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम गाड़ी नहीं लेंगे, लेकिन गाड़ी ली, इन्होंने कहा था कि सिक्योरिटी नहीं लेंगे, लेकिन सिक्योरिटी ली, इन्होंने कहा था कि बंगला नहीं लेंगे, लेकिन इन्होंने अपने लिए 52 करोड़ रुपये का 50 हजार गज का शीश महल बना लिया।

शाह ने कहा, केजरीवाल ने घोटालों की भरमार कर दी। हजारों करोड़ का शराब घोटाला किया और मंदिर, स्कूल, गुरुद्वारे के पास शराब की दुकानें खोल दी। 28,400 करोड़ का जल बोर्ड का घोटाला किया, 4,500 करोड़ का डीटीसी बस घोटाला किया, 1,300 करोड़ का क्लासरूम घोटाला किया। 571 करोड़ का सीसीटीवी घोटाला किया और 65,000 नकली टेस्ट का घोटाला किया। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़कर आए केजरीवाल स्वयं भ्रष्टाचार की मूर्ति बन गए और बड़े मियां-छोटे मियां दोनों शराब घोटाले में जेल गए। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, इन्होंने अभी-अभी एक पाप किया है।

## 24 फरवरी से व्यापार समझौते पर फिर वार्ता शुरू करेंगे भारत-ब्रिटेन, जल्द दिल्ली आएंगे ब्रिटिश मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन 24 फरवरी से प्रस्तावित व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से बातचीत शुरू करेंगे। जबकि ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जल्द ही भारत के दौरे पर आएंगे। यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए है। बता दें कि, यह बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी, लेकिन 14वीं दौर की बातचीत तब रुक गई जब दोनों देशों में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। इस समझौते में दोनों देशों ने अधिकतर सामानों पर



कस्टम ड्यूटी को कम या खत्म करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील देने की बात भी की जा रही है। भारत अपनी आईटी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में विशेषज्ञों को ब्रिटेन के बाजार में अधिक अवसर देने की मांग कर रहा है, इसके साथ ही कई सामानों पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने की भी मांग कर रहा है। वहीं, ब्रिटेन स्कॉच व्हिस्की, इलेक्ट्रिक वाहन, चॉकलेट और कुछ अन्य मिठाइयों पर आयात शुल्क में भारी कटौती की उम्मीद कर रहा है। ब्रिटेन भारत में अपने टेलीकॉम, कानूनी और वित्तीय सेवाओं जैसे बैंकिंग और इंश्योरेंस क्षेत्रों में भी अधिक अवसर चाहता है। इसके अलावा केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में घोषणा की कि वित्तीय क्षेत्र में सुधारों के तहत इंश्योरेंस क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की जाएगी।

## कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक माओवादी ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक कांकेर जिले में मुठभेड़ में एक मोओवादी मारा गया है। इलाके में सर्च के दौरान एक एसएलआर राइफल और नक्सली समाग्री भी बरामद हुई है। कांकेर पुलिस ने बताया कि 2 फरवरी को जिला कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी उत्तर बस्तर-माड़ डिवीजन के सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नक्सली विरोधी अभियान के लिए निकली थी।

## कुछ लोग देश की विकास यात्रा से खुश नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश में लाखों अवैध प्रवासी नहीं रह सकते और चुनावी राजनीति को जनसांख्यिकीय अव्यवस्थाओं से प्रभावित नहीं होने दिया जा सकता। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रविरोधी बयानों को बेअसर करने की अपील की। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में बार-बार होने वाले व्यवधानों पर चिंता जताई। राष्ट्रीय राजधानी में वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स (डब्ल्यूओएफए) सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को अस्तित्व संबंधी चुनौतियों के बारे में चिंतित होना चाहिए।



उन्होंने कहा, हमारा देश लाखों अवैध प्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता... हम अपनी चुनावी राजनीति को जनसांख्यिकीय अव्यवस्थाओं और भूकंपों से प्रभावित नहीं होने दे सकते। ये ऐसी चीजें हैं जो आपके लिए मायने रखती हैं क्योंकि ये ऐसी चुनौतियां हैं जिनका आपको सामूहिक रूप से जवाब देना होगा। इस बारे में विस्तार से बताए बिना उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है... कहा जाता है, समझदार को इशारा काफी है।

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कुछ लोग और संस्थाएं देश की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं, उन्होंने यह भी कहा कि सनसनी और दृष्टिकोण पैदा करने का चलन है। उन्होंने कहा, दृष्टिकोणों में भारतीयता को भूल जाते हैं, राष्ट्रवाद को भूल जाते हैं, राष्ट्रहित को भूल जाते हैं। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि इन राष्ट्र विरोधी दृष्टिकोणों को बेअसर करने और भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण ताकतों को हराने की शक्ति उनके हाथों में है।

## मध्यप्रदेश में विकसित हो रहा है फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को मूर्त रूप दिए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है, जिससे यहां अधिक से अधिक निवेश आएं, उद्योग धंधे स्थापित हों और बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हो। मध्यप्रदेश में रेल, सड़क और हवाई सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

## सीईसी, ईसी की नियुक्तियों के खिलाफ याचिका



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की। मामले में जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर मेरिट के आधार पर और अंतिम रूप से फैसला करेगी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एनजीओ की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह मामला 4 फरवरी को सूचीबद्ध है, लेकिन अन्य मामलों के कारण इस पर सुनवाई होने की संभावना नहीं है। प्रशांत भूषण ने 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है क्योंकि यह संविधान पीठ के 2023 के फैसले के तहत आता है।

## झारखंड में सीएए, यूसीसी, एनआरसी को खारिज करने का प्रस्ताव पारित

**दुमका।** सत्ता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्य में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को खारिज करने समेत 50 सूत्री प्रस्ताव पारित किया है। पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर दुमका के गांधी मैदान में रविवार रात आयोजित एक कार्यक्रम में ये प्रस्ताव पारित किए गए।

पार्टी के प्रस्ताव में कहा गया, नागरिकता संशोधन अधिनियम, समान नागरिक संहिता और राष्ट्रीय



नागरिक पंजी को झारखंड में पूरी तरह से खारिज किया जाना चाहिए। पार्टी ने राज्य में छोटानागपुर काश्तकारी (सीएनटी) अधिनियम और संथाल परगना काश्तकारी (एसपीटी) अधिनियम के सख्त क्रियान्वयन की भी मांग की। पार्टी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह राज्य सरकार को 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में राज्य के लोगों के साथ धोखा किया गया है। सामंती मानसिकता वाले कुछ लोग नहीं चाहते कि आदिवासी बहुल झारखंड के निवासी अपने पैरों पर खड़े हों। सोरेन ने कहा, खनिज संसाधनों के माध्यम से देश के खजाने में बड़ा योगदान देने के बावजूद झारखंड अब भी सबसे पिछड़ा राज्य है। उन्होंने कहा कि केंद्र को सभी राज्यों, खासकर पिछड़े राज्यों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। केंद्रीय बजट अमीरों के लिए है और निर्धनों के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि आयकर में छूट दी गई, लेकिन इससे कोई मदद नहीं मिलेगी, क्योंकि मुद्रास्फीति आसमान छू रही है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) के रूप में एक नया जुमला पेश किया है, जिसमें लोगों को अनुदान के माध्यम से नहीं, बल्कि ऋण के माध्यम से मदद करने का वादा किया गया है।

## हमारी सरकार आई तो अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे : अखिलेश

**अयोध्या।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में विकास के नाम पर लोगों से जमीनें छीनी और लोगों को मुआवजा नहीं दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जब सपा की सरकार बनेगी तो हम अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अयोध्या में खरीदी गई जमीनों की सूची जारी कर दें तो पता चल जाएगा कि सबसे बड़ा भूमाफिया कौन है? सबसे बड़े भूमाफिया भाजपा के लोग ही हैं। अयोध्या में फाइव स्टार होटल बनाने के लिए जमीन ली गई पर गरीबों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि ये तो भाजपा के लोग भी जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी के नहीं हैं। वो भाजपा वालों के भी नहीं हैं। वो सिर्फ परिस्थितियों के अनुसार काम कर रहे हैं।

## सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत की राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गई कुछ असंसदीय, अपमान जनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं।

## महाराष्ट्र में हिमाचल की आबादी जितने नए वोटर जोड़े गए

### राहुल ने चुनाव की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सोमवार को विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश की पूरी आबादी को मतदाता सूची में जोड़ दिया गया था। राहुल गांधी ने कहा, मैं इस सदन के ध्यान में महाराष्ट्र चुनावों के बारे में कुछ आंकड़ों और जानकारी को लाना चाहता हूं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच हिमाचल प्रदेश की मतदाता आबादी को महाराष्ट्र की मतदाता सूची में जोड़ा



गया था। यानी हिमाचल प्रदेश की पूरी आबादी को महाराष्ट्र के मतदाता सूची में जोड़ दिया गया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच करीब 70 लाख नए मतदाता अचानक आ गए। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, हम चुनाव आयोग से ये कह रहे हैं कि कृपया हमें लोकसभा और विधानसभा के सभी मतदाताओं के नाम, पते और मतदाता केंद्र की जानकारी दें, ताकि हम गणना कर सकें कि ये नए मतदाता कौन हैं। दिलचस्प बात यह है कि नए मतदाता ज्यादातर उन निर्वाचन क्षेत्रों में हैं, जहां भाजपा ने जीत हासिल की है।

### भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयामों पर

## शोध में शासन के साथ समाज को भी योगदान देना होगा : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऋषि स्वरूप व्यक्तित्व के श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी ने दीपक के समान स्वयं जलकर विचारों का प्रकाश समाज को प्रदान किया। कृषि, श्रमिकों की स्थिति और स्वदेशी के क्षेत्र में उनका विचार उज्जवल नक्षत्र के समान हैं, जो समाज को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। वे हिंदुत्व को राष्ट्रीयता से आगे विश्व बंधुत्व के रूप में देखते थे। उनका मानना था कि चराचर जगत में हिंदुत्व के विचार का विस्तार मनुष्य, समाज, राष्ट्र और मानवता तक है। वर्तमान



समय में उनके विचार अधिक समसामयिक हो जाते हैं, सम्पूर्ण विश्व विभिन्न समस्याओं में मार्गदर्शन और उनके समाधान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। भारत अपनी यह भूमिका प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा के आधार पर ही निभा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न आयामों पर शोध की आवश्यकता अधिक बढ़ जाती है, शोध के क्षेत्र में शासन के साथ-साथ समाज को भी योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के नवीन परिसर भवन के भूमि-पूजन और कार्य आरंभ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विचारक एवं लेखक श्री सुरेश सोनी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बसंतोत्सव के अवसर पर लिंक रोड नंबर तीन पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण कर भूमि-पूजन एवं कार्य आरंभ में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भूमि-पूजन स्थल पर पौधा भी रोपा। उन्होंने मंचीय कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती तथा श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान की वार्षिक स्मारिका संकेत रेखा का विमोचन किया। इसके साथ ही संस्थान द्वारा दिनांक 01 से 03 मार्च 2025 तक आयोजित नेशनल रिसर्चर्स मीट के पोस्टर का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत में विद्यमान गुरुकुल और विश्वविद्यालय भारतीय समाज के ज्ञान सामर्थ्य को अभिव्यक्त करते हैं। जीवन के प्रत्येक पल का उपयोग व्यक्ति समाज हित में कर पाए, यही भारतीय संस्कृति के अनुसार, जीते जी मोक्ष प्राप्ति की भावना है।

# सिंचाई के लिए जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, चालक समेत 2 की मौत, तीन घायल

## मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिल्फोरी की घटना



**सिंगरौली।** आज दिन सोमवार की शाम मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिल्फोरी में हुई दर्दनाक घटना में दो लोगों की जान चली गई। वहीं ट्रैक्टर में सवार तीन अन्य घायल हो गए। जिनका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिल्फोरी क्षेत्र में वन विभाग का कार्य जारी है। जिसमें नर्सरी में सिंचाई के लिए ट्रैक्टर से पानी का टैंकर लेकर नर्सरी ले जाया जा रहा था। इसी बीच सिल्फोरी कतरिहार मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर का पानी से भरा टैंकर सड़क से नीचे उतर गया। जिस कारण पूरा ट्रैक्टर ही अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद वहां लोगों की चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते ग्रामीण लोग जमा हो गए। इसके बाद घायलों की मदद में जुटे लोगों ने मोरवा पुलिस को इसकी सूचना दी। इस घटना में ट्रैक्टर चालक विनय कुमार पिता लाल कुमार गुर्जर उम्र 20 वर्ष एवं शिव प्रसाद पिता देवनारायण गुर्जर उम्र 32 वर्ष निवासी सिल्फोरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे में किसुन कुमार पिता देवनाथ गुर्जर उम्र 40 वर्ष, वीरेंद्र कुमार पिता रामस्वरूप गुर्जर उम्र 26 वर्ष एवं विजय कुमार पिता रामेश्वर खैरवार उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी कृष्णा कुमार पाण्डेय व मोरवा निरीक्षक यू पी सिंह द्वारा भेजी गई। पुलिस टीम ने घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां सभी घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वही परिजनों व ग्रामीणों को समझाते हुए शवों को पीएम के लिए रवाना किया।

### इनका कहना

सिल्फोरी से मुख्य सड़क है, सिल्फोरी वन क्षेत्र में कुछ काम चल रहा है। नर्सिरी में सिचाई का काम होता है। ट्रैक्टर के साथ एक वाटर टैंकर भी था। जिसमें चालक विनय कुमार एवं सह चालक शिव प्रसाद दुर्भाग्य तरीके से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच की और किशुन, विरेन्द्र कुमार व विजय कुमार तीनों घायल हैं।

**केके पाण्डेय**
**एसडीओपी, मोरवा**

## बैठक में लिया गया बेरोजगारों के हित में निर्णय

**सिंगरौली।** स्थानीय नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड की खड़िया एवं कृष्णनशीला परियोजना में आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्य के आवंटन के बाद से ही बेरोजगार विस्थापितों के हित चिंतन करने का नाटक मंचन तथा कथित कई सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है। जो परियोजनाओं में दलाली का कार्य करते है।

उक्त बातें ऊर्जाचल विस्थापित कल्याण समिति के विस्थापित प्रतिनिधियों ने योजना बैठक के दौरान कही उनके द्वारा आरोप लगाया गया कि असामाजिक तत्वों द्वारा परियोजनाओं की आउटसोर्सिंग कंपनियों में विस्थापित और स्थानीय बेरोजगारों के नाम पर गोरख धंधा चलाया जाता है। विस्थापित संगठन के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी सोनभद्र से मिलकर आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों के 70 प्रतिशत समायोजन की मांग की जाएगी। विस्थापित संगठन द्वारा विस्थापितों के हित में अन्य कई निर्णय लिए गए। जिसमें प्रदूषण शिक्षा स्वास्थ्य बकाया प्रतिकर एवं प्लाट जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र चौबे, जंग बहादुर चौबे, योगेंद्र सिंह पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

# पर्यावरण पर सिर्फ चिंतन ही नही क्रियान्वयन की जरूरत है : आरपी

## ऐश बांध पर बनी मधुमन पार्क लोगों की बनी पहली पसंद



**सिंगरौली।** हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीजन पर्यावरण के प्रति सदैव सजग है। रेणुसागर पर्यावरण संतुलन बेहतर बनाये रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है।

इसी क्रम में कई एकड़ में फैले पुराने ऐश बांध पर बने मधुमन पार्क में भव्य पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें सैकड़ो किस्म के फ्लॉवर प्रदर्शनी में लगाई गई थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिण्डालको रेणुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह पुष्प प्रदर्शनी के दौरान उत्तम योगदान देने वाले कर्मचारियों को उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण पर सिर्फ चिंतन ही नही क्रियान्वन की जरूरत है। पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक मात्रा में पौधा रोपण जरूर करें और उससे भी ज्यादा जरुरी है कि पौधा रोपण को संरक्षित और विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारा देश कोविड-19 कि त्रासदी से गुजरा जिसमे ऑक्सीजन कि कमी के कारण कितने लोगों को अपंनी जान गवानी पड़ी। यदि हम पौधा रोपण करते और उन्हे बचाते तो वह वृक्ष हमें 24 घंटे ऑक्ससीजन प्रदान करते। प्रमुख्य अतिथि में माली डिपार्टमेंट की सराहना करते हुये कहा कि मधुमन पार्क आज उर्जान्चल की बेहतरीन खूबसूरत पिकनिक स्पॉट बना हुआ है। उसी तरह आवासीय परिसर में स्थित सभी पार्को को खूबसूरत बनाने के लिये निर्देश दिया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह, हेड एचआर शैलेश विक्रम सिंह, कविता श्रीमाली सहित अन्य भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एनसीएल निगाही परियोजना नें लगाया क्षय रोग जांच शिविर



**सिंगरौली।** एनसीएल की निगाही परियोजना ने टीबी मुक्त भारत अभियान एवं 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत माध्यमिक पाठशाला ग्राम घोरौली कलां इटमा में क्षय रोग जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों की टीबी संबंधित लक्षणों के आधार पर जांच की गई । इस शिविर में 105 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उपस्थित बच्चों को आवश्यक दवाइयों के साथ कैल्शियम, आयरन, विटामिन इत्यादि का भी वितरण किया गया। क्षय रोग जांच शिविर के दौरान परियोजना के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# भीख्खा झरिया में हुआ बसंत पंचमी पर मेले का आयोजन

**सिंगरौली**



सरई तहसील अंतर्गत ग्राम भीख्खा झरिया स्थित प्राचीन एवं पावन जलजलिया देवी मंदिर परिसर में इस वर्ष भी बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 10 दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक समागम के रूप में भी क्षेत्रवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है।

हर वर्ष की भांति इस बार भी मेले में हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचे। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखाए। जिससे श्रद्धालु निर्बाध रूप से धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी हो सके। जलजलिया देवी मंदिर, अपनी आध्यात्मिक महत्ता के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। यह मंदिर सिंदूराझरियाए खाड़ी और गोपद नदी के संगम तट पर स्थित है जो घने जंगलों और रहस्यमयी गुफाओं से घिरा हुआ है। मेले के दौरान धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यह मेला सद्भाव, श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम है, जहां भक्तों को न केवल आध्यात्मिक शांति मिलती है, बल्कि उन्हें अपने पारंपरिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होता है।

# ननि महिला क्लब में बसंत पंचमी पर धूमधाम से मनाया उत्सव




**सिंगरौली।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर ननि महिला क्लब के द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस खास मौके पर सभी महिलाएं पारम्परिक मराठी परिधान में सजी एवं पीले रंग के वस्त्र धारण कर बसन्ती उत्साह का संचार किया। डॉ. सुमन शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। जिसमें उनके साथ क्लब की सभी सदस्यों मीना वैश्य, सुमन पांडेय, ईला साहू, दुर्गा सिंह, अंजू गोस्वामी सहित अन्य ने भक्ति भाव से मंत्रोच्चार किया। इसके बाद विभिन्न खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह के सामाजिक पहलू को ध्यान में रखते हुए क्लब की सदस्यों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को नोटबुक एवं पेन वितरित किये। महिला क्लब की अध्यक्ष संयोजक डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन ना सिर्फ महिलाओं को एकजुट करते है। बल्कि समाजसेवा के प्रति जागरुकता भी बढ़ाते है।

# डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी सेयरिंग, एटीएम फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड अन्य से बचे व सतर्क रहें

## डीपीएस स्कूल विन्ध्यनगर में सेफ क्लिक सायबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** डीपीएस स्कूल विन्ध्यनगर में सायबर जागरुकता संबंधी बैनर, पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी व शॉर्ट फिल्म दिखाई गई ।

कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 200 शिक्षक- शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें व अन्य स्टाफ मौजूद रहे । सीएसपी पीएस परस्ते एवं थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी द्वारा उपस्थित शिक्षक व छात्रों से संवाद कर सायबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी सेयरिंग, एटीएम फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड आदि से बचने व सतर्क कहने के लिए समझाईस दी गई एवं जागरुकता संबंधी पम्पलेट वितरित किये गये एवं सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 में काल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप अन्य में सायबर जागरुकता संबंधी शॉर्ट फिल्म, पोस्टर व पम्पलेट प्रसारित किये गये । उपरोक्त कार्यक्रम में सीएसपी पीएस परस्ते एवं थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, थाना विंध्यनगर पुलिस स्टाफ के अलावा विद्यालय के प्राचार्य जनार्दन पाण्डेय, शिक्षक-शिक्षिकायें व अन्य विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## मायाराम महाविद्यालय में सरस्वती पूजन का आयोजन



**सिंगरौली।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मायाराम महाविद्यालय में माँ सरस्वती पूजन कार्यक्रम बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस, प्राचार्य, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक रूप से महाविद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती जी का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर ने कहा की माँ सरस्वती जी के आशीर्वाद से हर जीवन में प्रकाश फैले। बसंत पंचमी का पर्व नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का प्रतीक है।

# डी-पॉल में 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**सिंगरौली।** डिस्पेडिडा की थीम पर डी-पॉल स्कूल विंध्यनगर में बड़ी धूमधाम से कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्कूली जीवन के हसीन पलों को याद कराते हुए कक्षा 12वीं के बच्चों को उनके अध्यापकों ने विद्यालय में बिताये सुनहरे दिनों से रूबरू करवाया तथा जीवन की नयी पारी के लिए मंगल शुभकामनाएं दी। विद्यालय की अध्यापिका आशा नायर ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें सफल होने के गुण बताए तथा एकाग्र होकर पढ़ाई करते हुए सफलता प्राप्त करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक ने मनोहारी बांसुरी वादन किया और अध्यापिकाओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राचार्य फादर जोबी जोसफ ने सभी छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए उन्हें असफलताओं से न घबराते हुए सकारात्मक सोच से ईश्वर पर विश्वास और धैर्य रखकर आने वाली परीक्षाओं का दृढ़ता से सामना करते हुए भविष्य को सवांरने की सीख दी।

# जहरीली गैस से बन्द कमरे में श्रमिक की मौत





**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के वार्ड क्रमांक 39 बलियरी मार्ग रामनाथ आटा चक्की के पास बन्द कमरे में मॉनो कार्बन डाईऑक्साईड ऑक्सीजन के कारण एक श्रमिक की दम घुटने से मौत हो गई। मृतक सोनभद्र के दुभ्भा गांव का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार बलियरी रोड में रामनाथ आटा चक्की के पास एक किराये के मकान में मृतक राकेश पनिका पिता किशनु पनिका उम्र 35 वर्ष निवासी दुभ्भा थाना बभनी सोनभद्र उ.प्र. रहता था। 1 फरवरी की रात में खाना बनाकर सो गया था और दो दिन तक लगातार कमरा न खुलने पर आज तीसरे दिन भी कमरा न खुलने पर आसपास के लोगों ने खटखटाया। 9 बजे तक दरवाजा न खुलने पर लोगों को शक हुआ और आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया। जहां श्रमिक मृत हालत में पड़ा हुआ था। वही बन्द कमरे में कोयले की सिकड़ी पड़ी थी। जहां प्रथम दृष्ट्या में शक हुआ है कि मॉनो कार्बन ऑक्साईड ऑक्सीजन जहरीली गैस के कारण उसकी मौत हुई है। पार्षद ने इसकी सूचना कोतवाली को दी। पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या में मानी है कि कोयले की जहरीली गैस के कारण श्रमिक की मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# 596 व्यक्तियों का मोतियाबिंद हुआ ऑपरेशन



**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय स्थित गीतांजलि वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम में कुल 596 व्यक्तियों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया।

मोतियाबिंद ऑपरेशन अभियान 11 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होकर मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। गीतांजलि वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिले के सुदूर विभिन्न स्थानों पर निशुल्क शिविर का आयोजन कर शिविर में आए व्यक्तियों की जांच कर मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए जाने की सलाह दी गई। ऑपरेशन में आए चिन्हित मोतियाबिंद व्यक्तियों का सफल ऑपरेशन कर उनको चश्मा वितरण किया गया। शिविर में ऑपरेशन के बाद अस्पताल से घर की यात्रा, भोजन, आवास, दवाएं, सर्जरी और फॉलो-अप, चेक-अप जैसी विभिन्न समर्थन लाभ भी शामिल हैं। मोतियाबिंद ऑपरेशन में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. केएल पाण्डेय, ऑप्टोमेट्रिस्ट आशीष चौबे, टेक्नीशियन सुनीता शाह, तारामती प्रजापति, कपिल देव सिंह सहित टीम का योगदान रहा हैं।

# प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के लिए शुरू हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**सिंगरौली।** एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई ने एनसीएल परिवार की गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक सीडब्ल्यूएस आनंद मूर्ति एवं परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच में सीडब्ल्यूएस से चिकित्सा अधिकारियों एवं टीम ने 36 गृहिणियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान किया। एनसीएल की सभी परियोजनों एवं इकाईयों में 14 हजार से अधिक कर्मियों के परिवारों व गृहिणियों तक प्राथमिक चिकित्सा को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई के द्वारा 400 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है जिसे 11 बैच में आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर हृदय पुनर्जीवन, सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है।

# बढ़ौरा शिव मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

## बसंत पंचमी के दिन हर शिवालय मंदिरों में दिखी अपार भीड़



**सीधी।** बसंत पंचमी के दिन बढ़ौरा शिव मंदिर सहित हर शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ रही। जिले के बहरी क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध शिव मंदिर नीलकंठ, मौहार, शिव मंदिर पड़रा सहित अन्य मंदिरों में काफी भीड़ देखने को मिली है।

बसंत पंचमी के पर्व पर बढौरा शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए सुबह से लोगों का तांता लगा रहा। बढौरा शिव मंदिर में सुबह चार बजे से देर शाम तक जिले भर से लाखों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शंकर भगवान को जल चढ़ाया और कथा मुंडन कांवणियों की भी भीड़ देखने को मिली। कांवणिया लेकर बोल बम का गीत सुनाई दिया गया और प्रसाद के साथ-साथ चुनरी चढ़ाया गया। सुरक्षा में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था दिखाई दी। सेमरिया सहित जिले के विभिन्न चौकी, थाना की पुलिसकर्मी बढ़ौरा शिव मंदिर में मौजूद रहे। जहां गेट से लेकर शिव मंदिर प्रांगण एवं शिव मंदिर के अंदर एवं नदी के आसपास पुलिसकर्मी मौजूद रहे हैं।

### वाहनों का लगा रहा लंबा जाम

बढौरा मंदिर से एक किलोमीटर बाहर ही पार्क हुए वाहन, बढौरा देवालय में बसंत पंचमी के पर्व में उमडने वाली भीड़ को काबू करने के लिए जिला प्रशासन ने वाहन से आने वाले वाहनों को बढौरा शिव मंदिर से करीब एक किलोमीटर के बाहर ही चार पाहिए वाहनों को रोक लिया गया था। बढौरा एवं चूल्ही मोड से भारी वाहनों को रोक गया था।

### मंदिरों में तैनात रहे पुलिस अमले

जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हजारों की भीड़ सुबह से ही उमडना शुरू हो जाती है। यह सिलसिला शाम तक बना रहता है। प्रशिद्ध मंदिरों में सीधी जिले के साथ ही अन्य समीपी जिलों से भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। बसंत पंचमी के अवसर पर सीधी जिले में सबसे बड़ा मेला बढ़ौरा शिव मंदिर के साथ ही नीलकंठ मंदिर मौहार में लगता है। यहां पर सीधी जिले के साथ ही सिंगरौली एवं रीवा जिले से भी काफी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करनें के लिए आते हैं। प्रसिद्ध मंदिरों में हजारों की भीड़ दिन भर उमडनें के कारण श्रद्धालुओं के बीच में अराजक तत्वों के साथ ही जेब कतरे एवं चोर उचक्के भी सक्रिय रहते हैं। इनके द्वारा मौका देखकर श्रद्धालुओं के जेब काटनें के साथ ही महिलाओं के जेवर भी उड़ा लिए जाते हैं। मंदिर एवं मेला क्षेत्रों में इसी वजह से काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## बोलेरो वाहन चालक से बाइक सवार गंभीर

**सिंहावल।** जिले के थाना अमिलिया चौकी सिंहावल अन्तर्गत ग्राम पंचायत लिलवार में करीब 3:30 बजें एक एक्सीडेंट का मामला सामने आया है। जहां एक बोलेरो पिकअप वाहन ने एक मोटरसाइकिल चालक को जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक चालक का एक पैर टूट गया। वहीं घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर सिहावल चौकी पुलिस पहुंची और पीड़ित सुरेश कोल पिता रामप्रसाद कोल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत लिलवार बलियार टोला का होना बताया गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल उपचार हेतु ले जाया गया जहां पैर टूटने की वजह से प्राथमिक की उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियो के द्वारा बताया गया कि पिकअप चालक की कोई गलती नहीं थी उसके द्वारा काफी बचाने का प्रयास किया गया परंतु उसी बीच सामने आ के पिंकअप वाहन से टकराया और उसके चपेट में आ गया। जिसकी बजह से पैर टूट गया और जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## अधिकारियों-कर्मचारियों के आईएफएमआईएस प्रोफाइल में समग्र आईडी की प्रविष्टि करनी होगी

**सीधी।** अपर कलेक्टर अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन वित्त विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन म.प्र. भोपाल के पत्र दिनांक 14.12.2024 में दिए गये निर्देशानुसार समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के आईएफएमआईएस में उनके स्वयं के लॉगिन से समग्र आईडी की प्रविष्टि आगामी दिनांक 28.02.2025 के पूर्व तक पूर्ण कर अद्यतन किया जाना है। प्रथम चरण में नियमित शासकीय सेवकों के लिये समग्र आईडी की प्रविष्टि की कार्यवाही किया जाना है। द्वितीय चरण में मानदेयी/संविदा/दैनिक वेतनभोगी शासकीय सेवकों को भी उपर्युक्त कार्य करना होगा।

उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वह आईएफएमआईएस के अंतर्गत इम्प्लॉइ सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करनें के लिए सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि आईएफएमआईएस/आधार एवं समग्र में नाम की एकरूपता हो तथा समग्र आईडी से आधार एवं मोबाईल नं. लिंक हो।

समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के विभागीय भविष्य निधि (डीपीएफ) का बैलेंस आईएफएमआईएस में अद्यतन किये जानें के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश एवं एसओपी जारी किया गया था किन्तु आज दिनांक तक 18 विभिन्न विभागों के कुल 128 डीपीएफ श्रेणी के कर्मचारियों के डीपीएफ बैलेंस अद्यतन नहीं हो सका है। एक्सेल शीट का अवलोकन कर डीडीओ से संबंधित लंबित कर्मचारियों की जानकारी तैयार कर कोषालय सीधी की ओर अविलम्ब वित्तीय वर्षवार उपलब्ध करावें। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सीधी में सर्वाधिक 35 एवं 07 तहसील कार्यालयों में 56 डीपीएफ श्रेणी के सेवकों के बैलेंस अद्यतन किये जानें के लिए शेष है।

एनपीएस मिसिंग क्रेडिट्स से संबंधित लंबित व्हाउचर 27 डीडीओ के आर और डी में परीक्षण कर पूर्व में अवगत कराये गये प्रक्रिया अनुसार देयक सबमिट कर संबंधित कर्मचारी का प्रान खाते में राशि समायोजन करें। कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूर्ण करें । इसी प्रकार आईएफएमआईएस अंतर्गत ईएसएस प्रोफाइल में शासकीय सेवकों की ईएसएस प्रोफाइल पूर्ण करें जिसमें पेन नम्बर एवं परिवार के सभी सदस्यों का नाम, परिवार विवरण में एवं नॉमिनी डिटेल्स में नॉमिनी का विवरण अनिवार्य रूप से इंद्राज करें।

फेल्ड ट्राजेक्शन असफल ई-भुगतान की सूची पूर्व में संबंधित समस्त डीडीओ को उपलब्ध करायी गई थी तथा स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि असफल भुगतान के चालानों का नियमानुसार परीक्षण कर रिफंड के देयक तैयार कर कोषालय की ओर अतिशीघ्र प्रस्तुत करें। किन्तु संबंधित डीडीओ द्वारा आज दिनांक तक उक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं किया गया एवं न ही एसओपी अनुसार फेल्ड चालानों की राशियों को 0075-00-101 में अंतरित किया गया।

## छात्र सहायता केन्द्र में किया गया सरस्वती पूजन



**सीधी।** आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर छात्र सहायता केन्द्र कंप्यूटर प्वाइंट में बड़े विधि विधान से पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन मिश्रा अध्यक्ष महाविद्यालय मझौली जय सिंह चौहान की अध्यक्षता में सौरभ मिश्रा की विशिष्ट अतिथि में विविध संस्कृति कार्यक्रम आयोजित हुए मां सरस्वती जी की वंदना आरती यादव शेजल सिंह प्रिया शुक्ला ने गायन किया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्यातिथि पवन मिश्रा ने कहा कि देश भर के सभी छात्र छात्राओ को मां सरस्वती जी का पूजन करना चाहिए जिससे विद्या की देवी सभी पर कृपा करती रहे उन्होंने माता जी के वाहन की भी विशेषताएं बतलाई जय सिंह ने कहा कि छात्र देश का भविष्य है इसलिए निरंतर प्रगति करते रहने चाहिए छात्र छात्राओं ने छात्र नेता शिवम् शुक्ला को जन्मदिन भी बसंत पंचमी के दिन मनाया एवं दीर्घायु की मंगल कामना की गई और विविध रचनात्मक कार्यक्रम किए गए इस अवसर पर छात्र सहायता केन्द्र कंप्यूटर में शिवांशु द्विवेदी अभिषेक मिश्र शैलेन्द्र सिंह विष्णु जायसवाल शुभम पटेल प्रदीप कोल रामशिरोमणि साकेत अंकित द्विवेदी अशोक प्रजापति लल्ली कोल अभय सिंह कैलाश गुप्ता प्रीति जायसवाल कल्पना साकेत प्रियंका तिवारी रिया सिंह शिवानी सिंह आकृति सिंह सहित अन्य छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## सीएम के आदेश का नहीं हो रहा पालन, बज रहे डीजे

### परीक्षा नजदीक फिर भी पुलिस कार्यवाही से करती है परहेज

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्पष्ट निर्देश है कि धार्मिक एवं शादी-व्याह सहित अन्य कार्यक्रमों में बैंड़ बाजे एवं डीजे तेज स्वर में नहीं बजना चाहिए। लेकिन इसका पालन सीधी जिले में नहीं हो रहा है। हालात यह है कि अब शादी-व्याह का सीजन शुरू हो गया है। जिस पर डीजे की धुन से लोग परेशान हो रहे हैं। परीक्षार्थियों को दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। इस पर पुलिस सक्रियता से कार्यवाही नहीं कर रही है।

मालूम हो कि बोर्ड परीक्षा माह भर में शुरू हो जाएगी इसके मद्देनजर धार्मिक या वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे या बैंड-बाजा की शोरगुल पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया था। इस सबके बावजूद भी पालन नहीं हो रहा है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हालात यह है कि शादी-व्याह में इतना शोरगुल हो रहा है कि बच्चों की पढ़ाई तो प्रभावित होती ही है जो बीमार व्यक्ति हैं उन पर भी दिक्कतों का सामना हो रहा है। ऐसे में पुलिस अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाही दिखा रही है। जहां कार्यवाही भी करती है तो जन प्रतिनिधि उन पर हस्तक्षेप भी करना शुरू कर देते हैं।

शोरगुल एवं डीजे की धुन की शिकायतें हर जगह मिल रही हैं लेकिन उस पर पुलिस कार्यवाही नहीं करती है। कहीं न कहीं राजनीतिक हस्तक्षेप मानें या पुलिस की नाकामी कारण जो भी हो मुख्यमंत्री के आदेश की अवहेलना किया जा रहा है। इस पर सत्ता के नेता भी कोई पहल नहीं कर रहे हैं। वहीं विपक्ष नेता तो चुप्पी साधे हैं।

डीजे की धुन पर शराब के नशे में डांस करने के बाद स्थानीय लोगों ने जब चुरहट पुलिस को शिकायत किया तो आनन-फानन में नगर निरीक्षक पुष्पेन्द्र मिश्रा सीधे सिविल ड्रेस में ही आकर उन्हें मना किया लेकिन जब नहीं माने तो सक्रियता के साथ उन पर कार्यवाही किया गया। अब उन पर ही भाजपा के कुछ नेता दबाव बनाना शुरू कर दिए हैं। जबकि स्थानीय नेताओं के कहने पर चुरहट टीआई ने यह कार्यवाही किए हैं। इसके बाद भी गलत ढंग से दबाव बनाना सत्ता के नेताओं को कितना उचित है कह पाना मुश्किल है।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने कहा कि शोरगुल के लिए निर्देशित किया गया है कि ज्यादा शोरगुल न हो। ऐसे में यदि कोई नियम के तहत डीजे या बैंड-बाजा का इस्तेमाल कर रहे हैं उस पर कार्यवाही जरूरी है। एसपी ने कहा कि मुख्यमंत्री का भी इस पर निर्देश है कि इस पर पाबंदी होनी चाहिए। इसके तहत हमने थाना प्रभारियों को भी निर्देशित किए हैं कि जहां शिकायतें हैं उस पर तत्काल कार्यवाही की जाए।

सीधी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों सहित शादी-व्याह के सीजन में शोरगुल हो रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं। कारण यह भी रहता है कि जब पुलिस कार्यवाही करती है तो राजनीतिक दबाव भी शुरू हो जाता है। जिस वजह से पुलिस रिस्क लेना नहीं चाहती। जहां कार्यवाही हुई वहां तत्काल राजनीतिक दल के नेता दबाव देना शुरू कर देते हैं। यही स्थिति चुरहट में भी देखने को मिल रही है। जनता द्वारा पुलिस को फोन करने के बाद जब पुलिस ने कार्यवाही किया तो अब मनगढ़ंत टिप्पणियां शुरू हो गई हैं।

## आलोप माता में कीर्तन एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन अंतर्गत खड्डी बयालिस के आलोप माता मंदिर जमुनिहा नंबर एक में बसंत पंचमी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन सोमवार दोपहर मंदिर प्रांगण में किया गयाए जिसमें पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धनहा निवासी महावली बैस के पुत्र कमलेश सिंह बैस के तत्वाधान में इस विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## पुलिस द्वारा सायबर जागरुकता अभियान का किया कार्यक्रम



**सीधी।** साइबर अपराधों की रोकथाम व आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिये पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 1 फरवरी से प्रारम्भ कर 11 फरवरी तक सायबर सुरक्षा जागरूकता सेफ क्लिक अभियान के अनुक्रम मे आज सीधी पुलिस नें अलग अलग थाना क्षेत्रो मे सार्वजनिक स्थानो मे पोस्टर बैनर लगा कर जागरूकता रथ मे लाउड स्पीकर के माध्यम से लोगो के बीच जागरूकता का प्रसार किया है। इसी क्रम में थाना जमोड़ी अंतर्गत पड़रा शिव मंदिर मेला में पोस्टर लगा कर साइबर जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे लगभग 500 दर्शनार्थी उपस्थित रहे। थाना अमिलिया पुलिस नें ग्राम राजगढ़ मे आयोजित किया गया जिसमें साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी दी गई कि प्राइवेट सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपा कर रखें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट में खराबी आने पर विश्वसनीय व्यक्ति से अपने सामने सुधार करवावे, पुराने डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डाटा वाइट कर रिसीव करें जिसमें कोई आपका नहीं जी डाटा रिकवर ना कर सके, ऑनलाइन लॉटरी केबीसी कैशबैक जब लोन बीमा शॉपिंग ऑफर देने वाले लोगों से सावधान रहें। ऑनलाइन शॉपिंग के लिए मान्यता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट अप का प्रयोग करें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें अपने पिन पासवर्ड आज कभी भी किसी के साथ सजा ना करें ना ही कहीं लिखकर रखें, अनजान नं से आए वीडियो कॉल रिसीव ना करें इत्यादि।

## पूर्व विकासखंड विकास अधिकारी रंगनाथ पांडे का निधन

**सीधी।** रंगनाथ पांडे का आज प्रात:10 बजे उनके गृह ग्राम- डिहुली सीधी मे स्वर्गवास हो गया । रंगनाथ पांडे ग्राम-डिहुली,ब्लॉक- चुरहट जिला सीधी के पूर्व विकासखंड विकास अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे और समाज के विकास के प्रति सेवाये दी। रंगनाथ पांडे 88 वर्ष के थे। पांडे चार लड़के और चार लड़कियों का भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ कर चले गये स पिछले कई दिनो से उनके पैर में फ्रैक्चर हो जाने से उनका स्वास्थ्य गिरता चला जा रहा था। पांडे के पुत्र कृष्ण नैनन पांडे ने उन्हें मुखाग्नि दी, विनोद कुमार पाण्डेय सहित समस्त पांडे परिवार शोकाकुल है स ईश्वर पांडे परिवार को इस दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

## छुक-छुक पटरी पर कब दौड़ेगी रेल: उमेश

**सीधी।** ललितपुर से सिंगरौली तक रेलवे लाइन के लिए 1955 से करीब 70 वर्षों से इस रेलवे लाइन को लेकर लोगों ने तरह-तरह के सपने संजोये है कुछ इस इंतजार में बूढ़े हो गए कुछ इस दुनिया से चले गए। इतने समय से सरकारे आती जाती रही और हर रेल बजट में लोग उम्मीदें लगाते रहे लेकिन इतना लंबा समय गुजर गया और लोगों की उम्मीदें सपनें तक ही है। रेल कभी ना कभी अब तक नहीं तो कभी तो सीधी तक आजाएगी पर सांसद विधायक के द्वारा झूंठी बयानबाजी कर वाहवाही लूटने की निंदा करते हुए टोंको-रोंको-ठोंको क्रांतिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी ने कहा कि किसी भी दल का सांसद या विधायक रहा हो रेलवे लाइन हेतु इनका प्रयास बाहवाही लूटने के लिए अखबारी बयान बाजी तक का ही रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि विंध्य प्रदेश को मध्य प्रदेश में विलय का विरोध पुरजोर तरीके से किया जा रहा था आंदोलनकारियों से विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए रेल मार्ग का वादा किया गया और तब राज्य पुनर्गठन आयोग ने अपने 1955 के प्रतिवेदन में विंध्य प्रदेश क्षेत्र की जनता की इस मांग को स्वीकार किया गया था कि इस क्षेत्र में रेलवे मार्गों का निर्माण आवश्यक है।

## सरस्वती पूजा के साथ विद्यारंभ संस्कार का किया गया आयोजन



**सीधी।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय मडरिया में सरस्वती पूजा एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष विजय सिंह परिहार, अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि द्वारिका प्रसाद गुप्त व्यवस्थापक, बृजमोहन योगी पूर्व प्राचार्य,बी0डी0 सिंह पूर्व आचार्य, दिनेश चंद्र प्रसाद प्रभारी प्राचार्य, बुद्धिमान प्रसाद गुप्त पूर्व प्रधानाचार्य, आशीष केसरी शिक्षा समिति के सदस्य, श्रीमती मीनू केसरी, राजकुमार सिंह प्राचार्य, राम शिरोमणि शर्मा प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पुरोहित के रूप में पवन कुमार पांडेय के द्वारा पूजन कराया गया तथा कार्यक्रम का संचालन अतीन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। तदुपरांत विद्यालय की वरिष्ठ बहनों द्वारा नौनिहालों का पाटी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि जिस प्रकार से हम अपनी मां से कुछ भी मांगते हैं और वह तुरंत पूरा करती हैं,उसी प्रकार हम यदि सरस्वती माता से यदि हृदय से मांगेंगे तो, जरूर हमारी मनोकामनाएं पूरी करेगी। इसलिए यह पूजन का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य कप्तान सिंह, राकेश मिश्रा, आनंद तिवारी, के0 पी0 यादव, श्रीमती साधना खरे, संगीता सिंह, अनुराधा मिश्रा, अमृत लाल सोनी, पुष्पेंद्र मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, भागीरथी सिंह, आभा तिवारी, सुमन पांडेय, नम्रता शुक्ला एवं समस्त आचार्य, दीदियां एवं भैया-बहनों तथा पालकों की सहभागिता सराहनीय रही।

## गेंहू उपार्जन के लिए एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों पर भी पंजीयन की सुविधा रहेगी

### संबंधित संस्था को किसान पंजीयन केन्द्र के रूप में कार्य करने पोर्टल पर करना होगा आवेदन

**सीधी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन के संबंध में राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसान पंजीयन की समयावधि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जाना है। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्रों और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन हेतु शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में निर्देशानुसार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है। इस प्रकार प्रति पंजीयन हेतु 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस एवं समस्त जिला समन्वयक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालक को निर्देशित किया है कि आपके निर्देशन में संचालित उक्त केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगायें जायें। बैनर न्यूनतम 5गुणा3 साईज का हो तथा यह बैनर स्वयं प्रतिष्ठान द्वारा अपने व्यय पर लगाया जाए तथा डीएसओ लॉगइन हेतु आवेदन प्रेषण करने के पूर्व प्रत्येक एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र प्रबंधकों द्वारा एमपी ई उपार्जन पोर्टल पर पूर्ण रूप से सही स्पष्ट भरी जाए तथा संलग्न किये जा रहे शपथ पत्र कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा करने के निर्देश देवे। यह ध्यान दें कि किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड अनिवार्य रूप से रखा जाएगा इसलिए प्रत्येक किसान से आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट प्राप्त करने के निर्देश अधीनस्थ एम.पी.ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) लोकसेवा केन्द्र साइबर कैफे के प्रबंधकों को देवे तथा साथ ही यह भी निर्देश देवे कि सिकमी/ बटाईदार /कोटवार एवं वनपट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध रहेगा तथा उक्त श्रेणी का पंजीयन साइबर कैफे पर बिलकुल भी न कराया जाये। उन्होने कृषकों के पंजीयन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी) साइबर कैफे एवं लोकसेवा केन्द्र संचालकों से अधिक से अधिक मात्रा में एवं न्यूनतम पंजीयन शुल्क के प्रस्ताव सहित पंजीयन केन्द्र स्थापना हेतु आवेदन प्राप्त कर स्थापित किए जाने हेतु अनुशंसा सहित केन्द्रों की सूची जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे आगामी कार्यवाही की जा सके। तहसील कुसमी में सेवा सहकारी संस्था टमसार, आदिम जाति सेवा सहाकरी संस्था लुरघुटी, सेवा सहकारी संस्था भुईमाड, गोपद बनास अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सीधी खुर्द, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल माटा, सेवा सहकारी संस्था सेमरिया, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह एवं सेवा सहकारी संस्था गांधीग्राम, चुरहट अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था सांडा, सेवा सहकारी संस्था सांडा बडाटीकट, सेवा सहकारी संस्था बेल्दह एवं सेवा सहकारी संस्था बेल्दह चुरहट, बहरी अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था चंदवाही, सेवा सहकारी संस्था चंदवाही बघोर, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था सारोकला सपही, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, सिहावल अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था बमुरी, सेवा सहकारी संस्था बमुरी बिठौली, सेवा सहकारी संस्था पतुलखी, एवं सेवा सहकारी संस्था अमिरती, रामपुर नैकिन अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन, सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन कुडिया, सेवा सहकारी संस्था कंधवार, सेवा सहकारी संस्था कंधवार बडखरा, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड खड्डी, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह धनहा तथा मझौली अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था ताला, सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था मडवास, सेवा सहकारी संस्था मड़वास गिजवार एवं सेवा सहकारी संस्था टिकरी में पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

## संपादकीय

### नहीं मिलेगी मदद

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के ठीक बाद ही थोक भाव से जिन एक्जीक्युटिव ऑर्डर्स पर दस्तखत किए, उनका असर सामने आने लगा है। ऐसे ही एक आदेश पर अमल करते हुए अमेरिका की एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डिवेलपमेंट ने दुनिया के तमाम देशों को विभिन्न प्रॉजेक्ट्स के लिए दी जाने वाली सहायता तत्काल प्रभाव से रोक दी है। इसने स्वाभाविक ही विकासशील देशों में बेचैनी पैदा की है। यह फैसला इस बात का अच्छा उदाहरण है कि किसी देश की नीतियों में आमूल-चूल बदलाव के लिए राष्ट्रहित बदलना जरूरी नहीं होता, राष्ट्रहित की समझ बदलना, उसकी परिभाषा बदलना भी काफी होता है। ट्रंप प्रशासन की अगुआई में लिए गए इस यू-टर्न के पीछे भी वजह यही है कि अमेरिका का राष्ट्रीय हित तय करने वाली दृष्टि बदल गई है। अगर वित्त वर्ष 2023 में अमेरिकी सरकार ने दुनिया भर में 72 बिलियन डॉलर की सहायता राशि वितरित की, तो वह राष्ट्रीय हितों के विपरीत जाकर लिया गया फैसला नहीं था। इन सहायता राशियों के साथ कई तरह की शर्तें जुड़ी होती थीं जिनसे अमेरिकी हितों की रक्षा सुनिश्चित होती थी। लेकिन नई सरकार ने तय किया कि अमेरिका की बेहतर छवि, उसकी अच्छी साख को वह राष्ट्रहित के लिहाज से उतना महत्वपूर्ण नहीं मानेगी जितना पैसों की शक्ल में होने वाले लेनदेन को। जहां तक भारत की बात है तो 2004 में ही सरकार ने फैसला कर लिया था कि वह विदेश से ऐसी सहायता स्वीकार नहीं करेगी, जिसके साथ ज्यादा शर्तें जुड़ी हों। इस फैसले के बाद धीरे-धीरे भारत आने वाली ऐसी सहायता राशि कम होने लगी। 2023 में यूएसएआईडी से मिली कुल रकम 201.88 मिलियन डॉलर थी, जो 2024 में और घटकर 159.6 मिलियन डॉलर रह गई। फिर भी थोड़ा-बहुत असर इस तरह के प्रॉजेक्ट्स पर पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन अफ्रीकी देशों और एशिया के बांग्लादेश जैसे मुल्कों पर इस फैसले का गहरा असर होने वाला है।

**इस बजट में सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विशेष कर यह बजट देश के विकास में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान सुनिश्चित करेगा। यूँ तो बजट में हर तरह से रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, फिर भी मैं उन सुधारों की चर्चा करना उचित समझता हूं जो आने वाले समय में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा देने से भारत में बड़े जहाजों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। हम सभी जानते हैं कि शिप बिल्डिंग निर्माण सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। वहीं, देश में पर्यटन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इसलिए पहली बार होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर 50 महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर होटल बनाए जाएंगे। इससे आतिथ्य क्षेत्र को ऊर्जा मिलेगी, जो रोजगार का बहुत बड़ा क्षेत्र है।**

# सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट से भारत निर्माण को मिलेगी गति

(कमलेश पांडे )

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। इसके माध्यम से उन्होंने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं।

आम बजट 2025 एक सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट है। यह कई मायने में सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी भी है। खासकर ताजा बजट प्रस्तावों के माध्यम से मध्यम वर्ग को जो भारी कर राहत प्रदान किया गया है और आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपया तक कर दिया गया है, उससे अर्थव्यवस्था को विभिन्न कोणों से मजबूती मिलने के आसार प्रबल हैं। कुल मिलाकर यह आम आदमी का बजट है, जो गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों और नारी शक्ति को आर्थिक मजबूती प्रदान करता है।

सच कहा जाए तो यह आम बजट विकसित भारत यानी हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है, जिसमें किसानों, गरीबों के साथ-साथ मध्यम वर्ग पर भी ध्यान दिया गया है। वहीं, महिला और बच्चों की शिक्षा, उनके पोषण व स्वास्थ्य पर भी फोकस किया गया है। इस बजट में स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट तक, यानी कि अर्थव्यवस्था की समुन्नति के हर क्षेत्र को समाहित किया गया है। इस प्रकार यह बजट मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत का व्यापक रोडमैप है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक, यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। इसके माध्यम से उन्होंने युवाओं के लिए कई क्षेत्र खोले हैं। जिससे आम नागरिक विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने जा रहा है। यह बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है, जो बचत, निवेश, खपत और विकास को तेजी से बढ़ाएगा।

आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर होता है कि सरकारी खजाना कैसे भरा जाएगा, लेकिन यह बजट उसके ठीक उलट है। यह बजट देश के नागरिकों की जेब कैसे




भरेगी, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास में कैसे भागीदार बनेंगे...इस बात की चिंता करता है। इस बजट में सुधार हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विशेष कर यह बजट देश के विकास में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान सुनिश्चित करेगा।

यूँ तो बजट में हर तरह से रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, फिर भी मैं उन सुधारों की चर्चा करना उचित समझता हूं जो आने वाले समय में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा देने से भारत में बड़े जहाजों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। हम सभी जानते हैं कि शिप बिल्डिंग निर्माण सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। वहीं, देश में पर्यटन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इसलिए पहली बार होटलों को इंफ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर 50 महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर होटल बनाए जाएंगे। इससे आतिथ्य क्षेत्र को ऊर्जा मिलेगी, जो रोजगार का बहुत बड़ा क्षेत्र है।

वहीं, इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारत मिशन' शुरू किया गया है। इसके तहत भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित एक राष्ट्रीय डिजिटल रिपोजिटरी बनाई जाएगी, यानी तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाएगा। वहीं, इस बजट में किसानों के लिए की गई घोषणा कृषि क्षेत्र और पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक नई क्रांति का आधार बनेगी। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी, जिससे उन्हें और मदद मिलेगी।

बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी, 2025, दिन शनिवार को संसद में बजट पेश किया, जो उनका लगातार 8वां बजट था। यह बजट आर्थिक सर्वेक्षण के अनुरूप रहा। क्योंकि उन्होंने मिडिल क्लास को राहत देते हुए न्यू टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये सालाना तक की इनकम को आयकर के दायरे से बाहर रखने का ऐलान किया। इससे नौकरीपेशा वर्ग के करोड़ों लोगों को फायदा होगा।

वहीं, उन्होंने किसान और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। स्वास्थ्य और रोजगार पर हमारा खास ध्यान है। युवाओं को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता है। इस बजट में प्रस्तावित विकास उपाय 10 व्यापक क्षेत्रों में हैं, जिनमें गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। पिछले 10 सालों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने दुनियाभर का ध्यान आकर्षित किया है। इस दौरान भारत की क्षमता को लेकर विश्वास बढ़ा है। इसी कड़ी में अब बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जाएगा। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन को बेहतर बनाने के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इस कार्य में लगे लोगों को एफपीओ के रूप में संगठित किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा, स्टार्टअप के लिए लोन गारंटी शुल्क कम करेंगे। एमएसएमई के लिए लोन 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से 5 लाख की गई है। डेयरी और फिशरी के लिए अब पांच लाख तक का लोन दिया जाएगा। इससे इस वर्ष का बजट मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने, एमएसएमई को समर्थन देने, रोजगार आधारित विकास को सक्षम करने, लोगों की अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करने, ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित करने पर केंद्रित है। यह बजट सरकार की राजस्व और व्यय रणनीति के लिए एक सामान्य रोड मैप प्रदान करता है। बजट 2025 युवाओं, महिलाओं और किसानों पर केंद्रित है। वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि यह बजट सरकारी प्रयासों को जारी रखता है- विकास में तेजी लाने के लिए, सुरक्षित समावेशी विकास के लिए, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने के लिए, भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए। आम बजट में जिन विषयों पर फोकस किया गया, उनमें मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाना, एमएसएमई को समर्थन रोजगार आधारित विकास को सक्षम बनाना प्रमुख हैं। वहीं, लोगों की अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करना, ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करना और निर्यात का समर्थन करना भी शामिल हैं। इस बजट में नवप्रवर्तन का पोषण व पीएम धन्य-धान योजना की घोषणा की गई है।

**भारत ने 20 ओवरों के बाद विकेट पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लिश टीम अपने पूर्व पीएम ऋषि सुनक के स्टेडियम में रहते 10.3 ओवरों में 97 रनों पर सिमट गई। यानी वह अभिषेक शर्मा के स्कोर तक भी नहीं पहुंच सकी। इंग्लैंड को शुरुआती झटके लगे, जिससे वह आखिरी दम तक उबर नहीं सका। मोहम्मद शमी ने बेन डकेट (0) के रूप में 444 दिन बाद इंटरनेशनल मैच में विकेट झटका तो वरुण चक्रवर्ती ने एक बार फिर जोस बटलर (7) का शिकार किया।**

# गुरूर रौंद डाला... अभिषेक शर्मा इतने रन भी नहीं बना पाए अंग्रेज

(नित्यानंद पाठक )

देश की आर्थिक राजधानी और सितारों के लिए माया नगरी में मुंबई चा राजा आज भी शर्मा जी का बेटा ही है, लेकिन थोड़ा नाम बदल गया है। जी हां, आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 54 गेंद में 135 रन की पारी और फिर बलखाती गेंदों के कमाल से भारत ने 5वें और अंतिम मैच टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड को रौंद डाला। इसके साथ ही उसने टी20 सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। अब दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। भारत ने 20 ओवरों के बाद विकेट पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लिश टीम अपने पूर्व पीएम ऋषि सुनक के स्टेडियम में रहते 10.3 ओवरों में 97 रनों पर सिमट गई। यानी वह अभिषेक शर्मा के स्कोर तक भी नहीं पहुंच सकी।

इंग्लैंड को शुरुआती झटके लगे, जिससे वह आखिरी दम तक उबर नहीं सका। मोहम्मद शमी ने बेन डकेट (0) के रूप में 444 दिन बाद इंटरनेशनल मैच में विकेट झटका तो वरुण चक्रवर्ती ने एक बार फिर जोस बटलर (7) का शिकार किया। हैरी ब्रूक 2 रन बनाकर रवि बिश्नोई की गेंद पर आउट हुए तो लियाम लिविंगस्टोन को वरुण चक्रवर्ती ने 9 रनों के निजी स्कोर पर रिंकू सिंह के हाथों लपकवाया। इस बीच फिल साल्ट ने जरूर कुछ अच्छे शॉट्स लगाए और 23 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्के उड़ाते हुए 55 रन की पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत के करीब भी नहीं पहुंचा सके। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल 10 रन के रूप में दहाई तक पहुंचने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे। अभिषेक ने इस दौरान टी20 में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। वह इसके साथ ही इस प्रारूप में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए। अभिषेक ने क्रीज पर आते ही मैदान के चारों ओर चौके-छक्के की झड़ी लगाकर इंग्लैंड के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। यह 24 साल का यह खिलाड़ी किसी भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक (35 गेंद) के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रहा था लेकिन वह दो गेंद से चूक गए। उन्होंने 37 गेंदों अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इससे पहले 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था, जो किसी भारतीय के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। अभिषेक हालांकि टी20 पारी में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जब उन्होंने 17वें ओवर में ब्रायडन कार्स (38 रन पर तीन विकेट) के खिलाफ पारी का अपना 11वां छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाये। उन्होंने इस दौरान सात चौके भी लगाये। यह अब इस प्रारूप में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2023 में अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन गिल के नाम था। उन्होंने नाबाद 126 रन बनाये थे।

अभिषेक ने भारतीय टीम के कुल स्कोर में आधे से अधिक का योगदान दिया जिससे भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना सर्वोच्च टी20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर बनाया। इससे पहले टीम ने 2021 में अहमदाबाद में दो विकेट पर 224 रन बनाये थे।टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह भारत का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। बायें हाथ के इस बल्लेबाज के आक्रामक तेवर का इंग्लैंड के गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था। उन्होंने जोफ्रा आर्चर (55 रन पर एक विकेट) के खिलाफ मन मुताबिक रन बटोरे। ओवरटन के खिलाफ 'लो-फुलटॉस' गेंद पर गेंदबाज के सिर के ऊपर से लगाया उनका छक्का दलकश था। उन्होंने इस छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी के पांचवें ओवर में इस गेंदबाज के खिलाफ तीन छक्के और एक चौका के साथ 25 रन बटोरे। यह इस पारी का सबसे महंगा ओवर साबित हुआ। संजू सैमसन (16) और सूर्यकुमार यादव (दो) एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। तिलक वर्मा (24) और शिवम दुबे (30) ने अभिषेक के साथ मजबूत साझेदारी की। अभिषेक के साथ वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए महज 43 गेंद में 115 रन की साझेदारी की। दुबे ने इस सलामी बल्लेबाज के साथ चौथे विकेट के लिए 18 गेंदों पर 37 रनों की तेज साझेदारी निभाई। संजू सैमसन ने पारी की पहली गेंद पर जोफ्रा आर्चर के खिलाफ शानदार पुल शॉट पर छक्का जड़कर टीम के इरादे जाहिर कर दिये। उन्होंने इस ओवर का अंत छक्का और चौका से किया। वह हालांकि अगले ओवर में वुड की गेंद पर बाउंड्री के पास आर्चर को कैच देकर पवेलियन लौटे। कप्तान सूर्यकुमार की खराब लय इस मैच में भी जारी रही। वह कार्स की गेंद को हवा में लहरा बैठे और विकेटकीपर फिल साल्ट ने मुश्किल कैच लपका।

## वर्ग पहेली 5632

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | | |
| | | 8 | | | | 9 | |
| 10 | 11 | | 12 | 13 | 14 | | |
| 15 | | | 16 | | | | |
| 17 | | 18 | | | | 19 | |
| | 20 | | | 21 | | | |
| | | 22 | | | | 23 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2000 को ऑस्टेलिया में यहां 27 वें ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ हुआ (3)
3. इस देश को साऊथवेस्ट अफ्रिका कहा जाता था (4)
6. समय का अत्यंत छोटा भाग (2)
7. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
10. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार जिनका मूल नाम अब्दुल हयी था (8)
15. तिब्बती धर्मगुरू यह कहलाते है (2)
16. धतूरा, स्वर्ण (3)
17. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
19. मशगूल, काम में लगा हुआ (2)
20. देह, शरीर, काया, बदन (2)
21. सुगमता, आसानी, सुख, चैन (3)
22. यह नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टाकहोम है (3)
23. पूर्ति साधन, वह जो किया जाए (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. सेनाध्यक्ष, सेनानी, कमांडर, सेनापति (6)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
4. मछली, मत्स्य, बारह राशियों में से एक (2)
5. एक नहर, तीन घंटे का समय (2)
8. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
9. इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
11. अविवेक, मूढ़ता, नासमझी, विवेकहीनता (4)
12. देखना (अंग्रेजी), इनामल (2)
13. शास्त्रीहय संगीत में तबले आदि का बोल (2)
14. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला एक जंगली बैल (2)
18. विद्वान व्यक्ति, ध्यानी (3)
19. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
21. हुनर, कला, आर्ट, गुण (2)

### वर्ग पहेली 5631 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | म | श्रे | ठ | म | ला | नी | |
| म | न | | ह | म | ला | य | र |
| दा | न | वी | र | | अ | | ह |
| स | | | ना | का | म | या | ब |
| | आ | | | म | र | म | र |
| फा | त्र | | म | दी | ना | | |
| गु | म | रा | ह | | व | म | ना |
| न | न | | ल | क्ष्य | | ला | स |

# पृथ्वी के गर्भ में छिपे सुपरकॉन्टिनेंट ! रिसर्च में अरबों साल पुराने रहस्य का खुलासा

(रिजवान)

धरती से जुड़ी एक नई खोज में दिलचस्प खुलासा हुआ है। ये रिसर्च पृथ्वी की बीच की परत मेंटल (आच्छादन) से जुड़ी पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए कई जानकारी देती है, जो हमारे पैरों के नीचे 2,900 किलोमीटर तक फैला हुआ है। नई रिसर्च में पृथ्वी के गर्भ में छिपे दो महाद्वीप मिलने की बात कही गई हैं। वैज्ञानिकों ने भूकंप के आंकड़ों



से पता लगाया है कि एक महाद्वीप अफ्रीका के नीचे है और दूसरा प्रशांत महासागर के नीचे है। नीदरलैंड की यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ये रिसर्च की है और 'नेचर' पत्रिका में छपी है। मीडिया रिपोर्ट कहती है कि पहले माना जाता था कि मेंटल सिर्फ ठोस चट्टानों का एक समान फैलाव है। नई रिसर्च से पता चला है कि मेंटल में बड़े-बड़े अलग-अलग हिस्से हैं। जैसे बिस्किट में चॉकलेट के टुकड़े होते हैं। ये हिस्से बहुत पुराने हो सकते हैं और प्लेटों की गतिविधि को भी ये प्रभावित कर सकते हैं।

**पृथ्वी की तीन परतें होती हैं:** हमारी पृथ्वी की तीन मुख्य परतें हैं- क्रस्ट, मेंटल और कोर। क्रस्ट सबसे ऊपरी परत है, जिस पर हम रहते हैं। इसके नीचे यानी बीच में मेंटल है, जो करीब 2,900 किलोमीटर मोटा है। सबसे अंदरूनी परत कोर है, जो पिघले लोहे और निकल से बना है। नए अध्ययन में पता चला है कि मेंटल में 'बिस्किट में चॉकलेट के टुकड़ों' जैसे बड़े हिस्से हैं, जिन्हें एलएसवीपी कहा जाता है। ये दो विशाल क्षेत्र मेंटल और कोर की सीमा पर स्थित हैं। इन्हें छिपे हुए महाद्वीप माना जा रहा है। रिसर्च कहती है कि वैज्ञानिक दशकों से जानते थे कि एलएसवीपी मेंटल-कोर सीमा के 20 फीसदी हिस्से को कवर करते हैं लेकिन उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। नई रिसर्च की प्रमुख लेखक डॉक्टर सुजानिया तलवेरा सोजा कहती हैं कि इस पर व्यापक रूप से बहस होती रही है कि उनका उद्गम और क्या वे लंबे समय तक रहने वाली संरचनाएं हैं। अध्ययन के सह-लेखक डॉक्टर अर्वेन ड्यूस कहती हैं कि यह खोज इस बात के बढ़ते प्रमाणों में एक और कड़ी है कि पृथ्वी का मेंटल उतना मिश्रित नहीं है जितना पहले माना जाता था। यह खोज भूविज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है। यह पृथ्वी के अंदरूनी हिस्सों के बारे में हमारी समझ को बदल सकती है। इन छिपे हुए महाद्वीपों का अध्ययन करके, हम पृथ्वी के विकास और भविष्य के बारे में और भी बहुत कुछ जान सकते हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर में उन्नति के योग हैं। तरक्की मिल सकती है और मन प्रसन्न रहेगा। पुराने दोस्त मददगार साबित होंगे। कारोबार में नए रास्ते खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में माहौल आपके अनुकूल रहेगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। सोच-समझकर लिए गए फैसले फायदेमंद रहेंगे।

### वृष

आज करियर में लाभ होगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। लेकिन, जायदाद के मामले में नुकसान हो सकता है। भौतिक सुखों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। अपनी बात दृढ़ता से रखें तो लोग मानेंगे। रात के समय मौज-मस्ती करेंगे। यात्रा करते समय सावधानी बरतें।

### तुला

आज करियर में सफलता मिलेगी। धन प्राप्ति होगी। नौकरी वालों के अधिकार बढ़ेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। विजय प्राप्त होगी। शाम से रात तक तरक्की के योग हैं और आपको मांगलिक कार्यक्रम में लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक

आज करियर में सफलता और तरक्की मिलेगी। किसी बड़े अधिकारी से मुलाकात होगी। अच्छा खाना मिलेगा, लेकिन खानपान पर नियंत्रण रखें, वरना पेट खराब हो सकता है। यात्रा का योग है। धन में वृद्धि होगी। लाभ के योग हैं।

### मिथुन

आज करियर में लाभ के योग हैं। नई योजनाएं बनाएंगे। कर्ज उतारने में सफल होंगे। संतान से खुशी मिलेगी। उनका पूरा सहयोग मिलेगा। भौतिक साधनों पर खर्च होगा। भाग्य का साथ मिलेगा। किसी दोस्त के व्यवहार से मन दुखी हो सकता है।

### कर्क

आज करियर में लाभ होगा। बुद्धि बढ़ेगी और तरक्की होगी। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। मेहमान आ सकते हैं। इससे व्यस्तता और खर्च बढ़ेंगे। समाज के लिए खर्च करेंगे जिससे कीर्ति बढ़ेगी। धन में भी वृद्धि होगी।

### धनु

आज सफलता और तरक्की मिलेगी। पूजा-पाठ में रुचि बढ़ेगी। नए व्यापार में लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। इससे धन लाभ होगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शाम से रात तक लाभ होगा। राजनीतिक मामलों में सफलता मिलेगी।

### मकर

आज लाभ होगा और पराक्रम बढ़ेगा। आपके बात करने के तरीके से आपको सफलता मिलेगी। पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें। धन हानि हो सकती है। निवेश करने में लाभ होगा। तरक्की होगी और योजनाएं सफल होंगी। धन लाभ होगा।

### सिंह

आज करियर में लाभ होगा और सुख बढ़ेगा। यात्रा सफल रहेगी। मन खुश रहेगा। दोपहर बाद किसी अधिकारी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी। शाम को योजनाएं पूरी होंगी। अतिथि के आने से खर्च बढ़ सकता है। सिंह राशि वालों को सतर्क रहना चाहिए।

### कन्या

आज दिन सफलता से भरा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। विवाद खत्म होंगे। जीवन में खुशियां आएंगी। खर्च कम होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वाहन सुख मिलेगा और परिवार के लोगों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे।

### कुंभ

आज लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्?न होगा। कुछ झंझट और खर्च करने पड़ेंगे। अपनी बात सत्य सिद्ध करेंगे। शत्रु हारेंगे। शाम को धन लाभ होगा। योजनाएं सफल होंगी और आपके धन में तरक्की के योग हैं। आपको किस्मत का साथ मिलेगा और धन सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

### मीन

आज दिन सफलता से भरा रहेगा। पराक्रम बढ़ेगा। संतान से खुशखबरी मिलेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। व्यापार के लिए दिन अच्छा है। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। तरक्की होगी। रुके काम पूरे होंगे। धन में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आरजेडी सांसद से 20 करोड़ की रंगदारी मांगने वाला जोगा डॉन अरेस्ट, फिलीपींस से भारत लाया गया



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के करीबी एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के राज्यसभा सांसद संजय यादव से 20 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले हरियाणा के जोगिंदर ग्योंग उर्फ जोगा डॉन को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ सीबीआई ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा था। जोगा डॉन के खिलाफ दुनिया भर के देशों की विशेष एजेंसियों को सूचना दी गई। रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर इंटरपोल चैनल के माध्यम से इस गैंगस्टर को फिलीपींस में पकड़ा गया। उसे बैंकॉक के रास्ते भारत वापस करा लिया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट आने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गैंगस्टर जोगिंदर उर्फ जोगा डॉन दिल्ली पुलिस का भी वांछित अपराधी है। इसलिए उसे दिल्ली पुलिस के दक्षिणी रेंज के हवाले किया गया है। उसने रंगदारी नहीं देने पर आरजेडी सांसद संजय यादव को जान से मारने की धमकी दी थी। जोगा डॉन मूल रूप से हरियाणा के कैथल जिले के ग्योंग गांव का रहने वाला है। संजय यादव भी हरियाणा के ही रहने वाले हैं। आरजेडी सांसद ने पटना के सचिवालय थाने में 20 करोड़ की रंगदारी मांगने और नहीं देने पर हत्या करने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज कराया था। जांच में जोगा डॉन का नाम सामने आया था। सूत्रों का कहना है कि पटना पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। सीबीआई ने इससे संबंधित जानकारी दी है। यह अपराधी कई आपराधिक साजिश, हत्या एवं अन्य जघन्य अपराधों को लेकर हरियाणा एवं अन्य राज्यों की तरफ से वांछित था।

### मणिपुर के कई जिलों से हथियार और अन्य युद्ध संबंधी सामान बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पुलिस साथ राज्य के हिंसा प्रभावित जिलों में संयुक्त अभियान चलाया. इस दौरान कुछ संदिग्ध उग्रवादी पकड़े गए. साथ ही भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद और युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए. सेना ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर मणिपुर के काकचिंग, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और थौबल जिलों में पहाड़ी और घाटी दोनों क्षेत्रों में उग्रवादी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया. इसी के साथ ही असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर कांगपोकपी जिले के जनरल एरिया नेपाली बस्ती, वेतुम खुल्लेन - खोकेन गांव रोड में संयुक्त अभियान शुरू किया. इसी प्रकार 26 जनवरी को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने थौबल जिले के वेथौ के जनरल एरिया में कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (तैयबंगनबा) के एक कैडर को गिरफ्तार किया और गोला-बारूद बरामद किया. 28 जनवरी को लोइलमकोट और नालोन गांवों (नालोन से 4 किलोमीटर दक्षिण पूर्व) के बीच सड़क पर एक संयुक्त अभियान चलाया. एक फॉलो अप कार्रवाई में 30 जनवरी की सुबह काकचिंग जिले के चैरेल खुनौ के सामान्य क्षेत्र में एक अभियान चलाया गया. इस दौरान स्नाइपर राइफल, पिस्तौल, छह लॉन्ग आरजी रॉकेट (5-6 फीट लंबे) के साथ-साथ एक लांचर स्टैंड, एक देशी मोर्टार (पोम्पेई), दो ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध जैसे सामान बरामद किये गए. विज्ञप्ति में कहा गया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों, जब्त किए गए हथियारों और अन्य वस्तुओं को मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया. सुरक्षा बलों की यह सफलता उनकी तत्परता को दर्शाती है।

### गहलोत ने एआई के इस्तेमाल का समर्थन किया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'कृत्रिम मेधा' (एआई) का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि युवाओं व विद्यार्थियों को इसका इस्तेमाल करना चाहिए। गहलोत ने एआई को लेकर अपने अनुभव को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। उन्होंने लिखा, ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल दुनियाभर में बढ़ता जा रहा है। मैंने भी कुछ एआई ऐप का उपयोग करके देखा। अब मैं बार-बार इसका इस्तेमाल करता हू इसके एडवांस्ड वर्जन का इस्तेमाल अभी तक मैंने नहीं किया है उसके बावजूद मुझे यह बेहद सुविधाजनक लगा।'' उन्होंने कहा ''कहावत है नॉलेज इज पावर यानी ज्ञान ही शक्ति है। इसी के दम पर अमेरिका के चैट जीपीटी, मेटा एआई, गूगल जैमिनी, माइक्रोसॉफ्ट कोपाइलेट एवं चीन के डीपसीक जैसे एआई टूल आ गए हैं। हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली आईटी इंजीनियर हैं इसलिए मेरा विश्वास है कि आने वाले समय में भारत का इन सबसे किफायती एवं बेहतर एआई टूल आएगा।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''विद्यार्थियों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों समेत सभी को एआई टूल का इस्तेमाल करना सीखना चाहिए जिससे वे अपना ज्ञान बढ़ा सकें।

# असम में करोड़ों की अफीम नष्ट करके मुख्यमंत्री हिमंत का तस्करों को संदेश



**गोलपारा, एजेंसी।** असम के गोलपारा जिले में पुलिस ने करीब 27 करोड़ की लागत की अफीम की फसल को बर्बाद कर दिया है। इस मामले पर राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जानकारी देते हुए बताया कि असम पुलिस ने गोलपारा जिले में करीब 56 एकड़ में खड़ी पोस्ता की फसल को बर्बाद कर दिया है। पड़ोसी राज्य मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने भी इसके लिए असम सीएम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य ड्रग्स के खिलाफ इस लड़ाई में साथ हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर सीएम सरमा ने लिखा,डियर लोकल पाब्लो एस्कोबार्स, आपकी योजनाबद्ध उड़ता असम पार्टी को खराब करने के लिए माफी मांगता हूं। गोलपारा पुलिस ने जनवरी में चार इलाकों में 27.20 करोड़ रुपए की 170 बीघा में खड़ी अफीम फसल को नष्ट कर दिया है। तो अगली बार जब भी आप ड्रग्स को उपजाने के बारे में सोचे तो पहले असम पुलिस का ख्याल कर लें।सीएम ने इसके साथ ही एक वीडियो भी अपलोड किया, जिसमें असम पुलिस के जवान बड़ी संख्या में एक अफीम के खेत में ट्रैक्टर के जरिए फसल को नष्ट कर रहे हैं।

मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह ने सरमा के पोस्ट को रिट्वीट करते हुए लिखा कि दोनों राज्य ड्रग्स के खिलाफ इस लड़ाई में एक साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने लिखा, अफीम की खेती से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए असम सीएम के नेतृत्व के निर्णय को मेरी सराहना। इस परेशानी से निपटने के लिए हम एकसाथ खड़े हुए हैं। हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण के लिए दृढ़ हैं जहां पर हर युवा नशे से मुक्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंग्नौपाल के खुदेई खुल्लन पहाड़ी में 25 एकड़ की अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया है। मणिपुर में पिछले कुछ समय से मैतेई और कुकी समुदाय के बीच में लगातार लगातार जातीय हिंसा जारी है। दोनों समुदाय भूमि अधिकार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे कई मुद्दों पर लगातार एक दूसरे के खिलाफ हिंसा फैला रहे हैं। कुकी जनजाति की तरफ से सीएम बीरेन सिंह की सरकार पर आरोप है कि उन्होंने पहाड़ियों में गरीब किसानों को निशाना बनाया है। लेकिन उन्होंन मैतेई प्रभुत्व वाले घाटी क्षेत्रों में रहने वाले ड्रग्स माफिया के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की। मणिपुर सरकार ने आरोपों का खंडन किया है और डेटा साझा करते हुए दावा किया है कि राज्य के ड्रग्स के खिलाफ युद्ध अभियान में किसी भी समुदाय को शामिल नहीं किया गया है।

### मच्छरों पर काबू पाने के लिए मछलियों का हो रहा इस्तेमालः एनजीटी चिंतित, केंद्र को नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मच्छर नियंत्रण के लिए आक्रामक मछली प्रजातियों के इस्तेमाल पर केंद्र को नोटिस भेजा है। दरअसल, मच्छरों पर काबू पाने के लिए मछलियों की 2 अत्यधिक आक्रामक और विदेशी प्रजातियों को 'जैविक एजेंट' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन, इसके चलते कुछ समस्याएं भी खड़ी हो गई हैं। एनजीटी ने मछलियों की दो प्रजातियों 'गम्बूसिया एफिनिस' (मस्कीटोफिश) और 'पोसिलिया रेटिकुलता' (गुप्पी) से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। इन मछलियों को विभिन्न राज्यों में मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए जलाशयों में छोड़ा जा रहा है।

याचिका में कहा गया कि 'मस्कीटोफिश' को एकत्र कर उन्हें जलाशयों में छोड़ने वाले राज्यों में असम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। गुप्पी प्रजाति की मछलियों को महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब और ओडिशा में छोड़ा गया था। याचिका में कहा गया कि राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने मछलियों की इन 2 प्रजातियों को आक्रामक और विदेशी घोषित किया है।

### राजस्थान तक पहुंचा किसान आंदोलन, 14 फरवरी से पहले क्यों तीन महापंचायतों का प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा और पंजाब को जोड़ने वाले शंभू और खनौरी बॉर्डर पर बीते कई महीनों से किसानों का आंदोलन चल रहा है। अब यह आंदोलन पंजाब और हरियाणा से आगे बढ़ते हुए राजस्थान तक पहुंच गया है। किसान संगठनों ने 11 जनवरी को रास्थान के रतनपुरा गांव में महापंचायत का आयोजन किया है, जिसमें हजारों किसानों को जुटाने की प्लानिंग चल रही है। यह गांव चुरू जिले में पड़ता है, जिसमें किसानों को जुटाने की तैयारी है और केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाने का प्लान है। यही नहीं किसानों की रतनपुरा में महापंचायत होने के बाद 12 फरवरी को खनौरी और 13 फरवरी को शंभू बॉर्डर पर मीटिंग होने वाली है। रतनपुरा की मीटिंग को आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। इन महापंचायतों का पूरा जिम्मा सरवन सिंह पंढेर उठा रहे हैं, जो किसान मजदूर मोर्चा के नेता हैं। उनका कहना है कि हम ज्यादा से ज्यादा किसानों को पंचायतों में बुला रहे हैं ताकि केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जा सके। शंभू बॉर्डर पर फिलहाल किसानों का आंदोलन थोड़ा शांत है, जबकि खनौरी सीमा पर अब भी बड़ी संख्या में लोग डटे हुए हैं। यहीं पर जगजीत सिंह डल्लेवाल अनशन पर हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन भी यहीं पर 18 जनवरी को मिलने पहुंचे थे। उन्होंने जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की थी। इसके अलावा 14 फरवरी को उन्होंने चंडीगढ़ में मीटिंग के लिए आमंत्रित भी किया है। माना जा रहा है कि इस मीटिंग से पहले ही किसान संगठन लगातार तीन महापंचायतें करना चाहते हैं।

### 'आप' के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार का मॉडल विफल हो गया हैः चंद्रबाबू नायडू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार का मॉडल ''विफल'' हो गया है और लोगों को ऐसी पार्टी को वोट देना चाहिए जो समावेशी विकास कर सके। नायडू ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोग ''मौसम और राजनीतिक प्रदूषण'' के कारण दिल्ली में रहने को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोई विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''नेताओं को हमेशा आज, कल और भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। अच्छी सार्वजनिक नीति वाली सरकार समाज को बदल सकती है।''

उन्होंने 'आप' सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में ''हाफ इंजन वाली सरकार'' है और विकास हासिल करने के लिए ''डबल इंजन वाली सरकार'' की जरूरत है। नायडू ने कहा कि विचारधारा नहीं, बल्कि प्रदर्शन और बेहतर जीवन स्तर प्रासंगिक होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में गरीब लोगों को सोचना होगा कि क्या वे झुग्गियों में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं।

# 84 फीसदी आबादी को देना होगा आरक्षण, तेलंगाना के जातिगत सर्वे में हैरान करने वाले आंकड़े

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में मुस्लिम अल्पसंख्यकों को छोड़कर अन्य पिछड़े वर्ग की आबादी 46.25 प्रतिशत है जो राज्य की कुल 3.70 करोड़ जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा है। राज्य में जातिगत आधार पर कराए गए सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है। वहीं अगर ई कैटिगर की बैकवर्ड क्लास यानी अल्पसंख्यकों को भी मिला लिया जाए तो यह संख्या 56 फीसदी हो जाती है। जनसंख्या के प्रतिशत के संदर्भ में पिछड़ी जातियों के बाद अनुसूचित जाति (17.43 प्रतिशत), अनुसूचित जनजाति (10.45), मुसलमानों में पिछड़े वर्ग (10.08) और अन्य जातियां (13.31), मुसलमानों में पिछड़ी जातियां (2.48) हैं।

सर्वे करने वाले राज्य योजना विभाग ने रविवार को राज्य नागरिक आपूर्ति मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट चार फरवरी को राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश की जाएगी। उसी दिन इसे बहस के लिए विधानसभा के विशेष सत्र में रखा जाएगा। संख्या के लिहाज से, अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 61,84,319, अनुसूचित जनजातियों की 37,05,929, मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अलावा पिछड़ी जातियों की जनसंख्या 1,64,09,179 है। वहीं, मुस्लिम अल्पसंख्यकों में पिछड़ी जातियों की जनसंख्या 35,76,588 है, मुस्लिम (ओसी) की जनसंख्या



8,80,424 है। रेड्डी ने संवाददाताओं को बताया कि राज्य में कुल मुस्लिम प्रतिशत 12.56 है। राज्य में कुल मकानों की संख्या 1,15,78,457 है, जबकि सर्वेक्षण किए गए कुल मकानों की संख्या 1,12,15,134 है। तेलंगाना पिछड़े वर्ग की श्रेणी में पिछड़े मुसलमानों को आरक्षण प्रदान करता है। रेड्डी ने रिपोर्ट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सर्वेक्षण में 3,54,77,554 व्यक्तियों (जनसंख्या का 96.9 प्रतिशत) को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि 3.1 प्रतिशत आबादी (16 लाख) इस सर्वेक्षण से बाहर रह गई, क्योंकि वे या तो उपलब्ध नहीं थे या उन्होंने इसमें भाग लेने में रुचि नहीं दिखाई। मंत्री ने कहा, ''रिपोर्ट तैयार करने की यह प्रक्रिया और रिपोर्ट तेलंगाना सरकार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो देश के सामाजिक इतिहास में दर्ज हो जाएगी।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव के समय व्यापक सामाजिक-आर्थिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण कराने का वादा किया था। यह सर्वेक्षण छह नवंबर, 2024 से 50 दिनों में किया गया।

## ब्राह्मणों को दी जाए जनजातीय मामलों के विभाग की जिम्मेदारीः केंद्रीय मंत्री



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने रविवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि जनजातीय मामलों का मंत्रालय सवर्ण जाति के लोगों को संभालना चाहिए। हालांकि, बाद में उन्होंने अपनी यह टिप्पणी वापस ले ली। अभिनय जगत से राजनीति में आए गोपी ने दिल्ली विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में प्रचार करने के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय कल्याण में वास्तविक प्रगति तभी संभव होगी, जब मंत्रालय की जिम्मेदारी सवर्ण जाति के नेता संभालेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा सपना है कि आदिवासी समुदाय से इतर किसी व्यक्ति को उनके कल्याण के लिए नियुक्त किया जाए। किसी ब्राह्मण या नायडू को जिम्मेदारी दी जाए।

गोपी ने इस टिप्पणी की आलोचना होने पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने अच्छे इरादे से यह बयान दिया था। उन्होंने कहा, यदि मेरी टिप्पणी को अच्छे रूप में स्वीकार नहीं किया गया है या यदि यह स्पष्टीकरण असंतोषजनक है, तो मैं अपनी टिप्पणी वापस लेता हूं। गोपी ने स्पष्ट किया कि उनका इरादा भेदभाव को समाप्त करना था। उन्होंने कहा, मैंने किसी को अच्छा या बुरा नहीं कहा; मेरा एकमात्र उद्देश्य इस परिपाटी को तोड़ना था। एक नेता के रूप में आदिवासी समुदाय का कल्याण हमेशा मेरी प्राथमिकता रहा है।

इससे पहले, गोपी ने कहा था, यह हमारे देश का अभिशाप है कि केवल आदिवासी समुदाय से आने वाले व्यक्ति को ही जनजातीय मामलों का मंत्री बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा था, यह मेरा सपना है कि आदिवासी समुदाय से इतर किसी व्यक्ति को उनके कल्याण के लिए नियुक्त किया जाए। किसी ब्राह्मण या नायडू को जिम्मेदारी दी जाए। इससे महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इसी तरह, आदिवासी नेताओं को अगड़े समुदायों के कल्याण के लिए विभाग दिया जाना चाहिए। गोपी ने कहा, ऐसा बदलाव हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली में होना चाहिए। जनजातीय मामलों का मंत्रालय संभालने की इच्छा जताते हुए त्रिशूर के सांसद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया था कि उन्हें यह मंत्रालय आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा, लेकिन, मंत्रालयों के आवंटन को लेकर कुछ परिपाटी है।

## कांग्रेस जॉइन करने वाले हैं संजय राउत, उद्धव ठाकरे नहीं कर पा रहे मददः नितेश राणे



**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा नेता और महाराष्ट्र में मंत्री नितेश राणे ने संजय राउत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राउत का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त हो रहा है और वो एक और कार्यकाल के लिए कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। राणे का कहना था कि राउत इसके लिए दिल्ली में एक नेता से बातचीत कर रहे हैं। राणे ने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे वाली पार्टी के पास राउत को नया कार्यकाल दिलाने के लिए पर्याप्त संख्याबल नहीं हैं।

महाराष्ट्र में पिछले साल नवंबर में हुए चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 सीट पर जीत हासिल की थी। राणे ने संवाददाताओं से कहा, ''राउत को 'सामना' (उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी का मुखपत्र) में लिखना चाहिए कि वह शिवसेना (उबाठा) में कितने समय तक टिके रहेंगे। उन्हें उस नेता के बारे में लिखना चाहिए, जिनसे वह दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्हें इस मुद्दे पर भी बयान देना चाहिए।''

बार-बार प्रयास करने के बावजूद राउत से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका। राणे की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब राउत ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री तथा शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के बीच मतभेद से राज्य में शासन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। राउत ने शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में दावा किया कि शिंदे अभी तक इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद पुनः नहीं दिया गया और वह इस पद को फिर से हासिल करने की बेहद कोशिश कर रहे हैं और फडणवीस इससे अच्छी तरह से वाकिफ हैं। शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस सहयोगी हैं।

# मुझसे सब कुछ छीना जा सकता है, लेकिन मेरी वरिष्ठता तो नहीं ली जा सकतीः अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के सीनियर मिनिस्टर अनिल विज अपने आक्रामक तेवरों और बेबाक बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर से लेकर मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तक से वह कई मुद्दों पर सीधे उलझ जाते हैं। इन दिनों भी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और एक एसएचओ के ट्रांसफर को लेकर वह सीएम को सीधे निशाने पर ले रहे हैं। वहीं नायब सिंह सैनी उन्हें वरिष्ठ नेता बताते हुए बयानबाजी से बच रहे हैं। इस बीच अनिल विज रविवार को रोहतक पहुंचे तो अचानक ही बिजली विभाग के दफ्तर पहुंच गए। उन्होंने कर्मचारियों को 4 घंटे के अंदर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने को कहा। इसके अलावा सरकार में अपने कद को लेकर भी बड़ी बात कह गए। अनिल विज ने कहा कि मुझसे सब कुछ छीना जा सकता है, लेकिन मेरी वरिष्ठता तो नहीं ली जा सकती। मैं 7 बार का चुना हुआ विधायक हूं। इस दौरान जब उनसे अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर सवाल किया तो उन्होंने अंबाला के डीसी का जिक्र कर दिया। उन्होंने कहा, इसमें 100 दिन लगा दिए। वह भी तब जबकि मैंने खुले मंच से बात रखी थी। वह अधिकारी चुनाव के दौरान मेरे खिलाफ काम कर रहा है। अब यह मायने नहीं रखता कि किसी का ट्रांसफर



किया जाता है या नहीं। सरकार में मंत्रालय के बंटवारे पर पूछा गया तो उस पर भी वह खुलकर बोल गए। अनिल विज ने कहा कि मैंने कोई सरकारी मकान नहीं लिया। हां, एक कार जरूर मेरे पास है। यदि इसे ले लिया गया तो मेरे समर्थकों का कहना है कि वे खरीद कर दे देंगे। मेरी विधायकी कोई नहीं ले सकता। मैं जनता का चुनाव विधायक हूं। मुझे किसी बात से फर्क नहीं पड़ता। हरियाणा की सरकार में नायब सिंह सैनी को अनिल विज एक तरह से चुनौती दिखते नजर आ रहे हैं। दरअसल नायब सिंह सैनी को जब सीएम बनाया गया था, तब से ही अनिल विज असहज हैं। मनोहर लाल खट्टर ने जब इस्तीफा दिया था और पहली बार नायब सिंह सैनी सीएम बने थे, तब भी वह शपथ ग्रहण समारोह नहीं पहुंचे थे। उन्होंने यहां तक कहा था कि मैं सीएम बनने के योग्य हूं और सबसे वरिष्ठ नेता हूं। ऐसा मेरे समर्थक मानते हैं। उन्हें मंत्री बनाया जाना था, लेकिन वह शपथ समारोह में ही नहीं पहुंचे। इसके बाद जब लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो वह शपथ समारोह में गए और मंत्री भी बनाए गए। हालांकि इस बार उनसे होम मिनिस्ट्री ले ली गई और अब वह ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री के तौर पर कामकाज संभाल रहे हैं।

**अब क्यों बढ़ती जा रही है अनिल विज की नाराजगी :** माना जा रहा है कि अब भी अनिल विज नाखुश हैं। इसकी एक अहम वजह है कि होम मिनिस्ट्री अब खुद सीएम नायब सिंह सैनी संभाल रहे हैं। अनिल विज बड़े नेता हैं और अंबाला में ही पिछले दिनों उन्होंने एक एसएचओ को निलंबित करने का आदेश दे दिया था। अब तक उस पर अमल नहीं हुआ है तो अनिल विज ने इसे अपने अपमान के तौर पर देखा। यही नहीं वह ग्रीवेंस मीटिंग्स में भी नहीं जा रहे हैं।

नेशनल गेम्सः

## ओलंपियन तैराक श्रीहरि नटराज ने पांचवां स्वर्ण पदक जीता, सेना तालिका में शीर्ष पर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** सेना 33 पदक (17 स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य) के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद कर्नाटक 33 पदक (15 स्वर्ण, 9 रजत, 9 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महाराष्ट्र (13 स्वर्ण, 23 रजत, 15 कांस्य) और मणिपुर (11 स्वर्ण, 9 रजत, 5 कांस्य) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने रविवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में अपना पांचवां स्वर्ण जीतकर कर्नाटक के लिए बढ़त बनाई और टीम की साथी और 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु की बराबरी की जिन्होंने पांच पीले



पदक जीते हैं जबकि भारोत्तोलक जगदीश विश्वकर्मा ने 'एक पैर पर खड़े' होकर पहला स्थान हासिल किया। सेना 33 पदक (17 स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य) के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद कर्नाटक 33 पदक (15 स्वर्ण, 9 रजत, 9 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर जबकि महाराष्ट्र (13 स्वर्ण, 23 रजत, 15 कांस्य) और मणिपुर (11 स्वर्ण, 9 रजत, 5 कांस्य) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। हल्द्वानी में दिल्ली ने दिन में तैराकी पूल में दो स्वर्ण पदक जीतकर कर्नाटक के साथ बराबरी की। नटराज ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 56.26 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता और टीम के साथी आकाश (56.36) को पछाडा। महाराष्ट्र के ऋषभ ने 56.80 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

## 15 साल के शूटर ने पेरिस ओलंपिक के मेडलिस्ट को हराया



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में नेशनल गेम्स में सोमवार को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल इवेंट का आयोजन हुआ जहां बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ओलंपिक मेडलिस्ट सरबजोत सिंह पोडियम पर जगह नहीं बना पाए। वहीं कर्नाटर के 15 साल के जोनाथन एंथनी गाविन ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

**फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए सौरभ चौधरी**

10 मीटर एयर पिस्टल के इवेंट में कॉमवेल्थ और एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट सौरभ चौधरी, पेरिस ओलंपिक मेडलिस्ट सरबजोत सिंह जैसे बड़े नाम शामिल थे। हालांकि दोनों में से कोई भी पोडियम पर जगह नहीं बना पाया। सौरभ चौधरी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए और 9वें नंबर पर रहे। टोक्यो ओलंपिक के बाद से सौरभ वापसी की कोशिश में लगे हुए हैं लेकिन वह फिर से फॉर्म हासिल नही कर पाए हैं।

**जोनाथन ने रचा इतिहास**

फाइनल में हरियाणा और सर्विसेज के 3-3 खिलाड़ी शामिल थे। जोनाथन गाविन ने यहां 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वह इस इवेंट के सबसे युवा चैंपियन बने। गाविन ने पहले स्टेज में 99.1 का ही स्कोर हासिल किया था। हालांकि इसके बाद दूसरे स्टेज में उन्होंने जबदस्त वापसी की। जोनाथन ने इससे पहले नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता था। सर्विसेज के रविंदर सिंह 240.3 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रहे। वहीं सर्विसेज के ही गुरप्रीत सिंह ने 220.1 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करने में कामयाब रहे। पेरिस ओलंपिक में मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु भाकर के साथ सरबजोत सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। नेशनल गेम्स के इस फाइनल में उनसे काफी उम्मीदें थी लेकिन वह पोडियम पर नहीं पहुंच पाए। सरबजोत को चौथे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।

मेरी पारी से

# युवराज सिंह काफी खुश होंगे: अभिषेक शर्मा



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 से अभिषेक शर्मा एक बेहतरीन क्रिकेटर के रूप में उभरे हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी अब कई क्रिकेट पंडितों का ध्यान आकर्षित कर रही है। वह आक्रामक बल्लेबाज़ी तो करते हैं लेकिन उनकी पारी की सबसे खास बात यह रहती है कि वह पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलते हैं, जहां वह रिवर्स स्वीप या स्कूप जैसे शॉट का सहारा नहीं लेते हैं। उनकी इस कला का ज़िक्र भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए पांचवें टी20 के कॉमेंट्री के दौरान सुनील गावस्कर और केविन पीटरसन जैसे खिलाड़ियों ने भी ज़ोर देकर किया।

लेकिन अभिषेक के मेंटॉर युवराज सिंह की हमेशा से ही यह ख्वाहिश थी कि अभिषेक अपनी पारी को 15-20 ओवर तक लेकर जाएं और ख़राब शॉट के चयन के कारण आउट न हों। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पांचवें टी20 में अभिषेक ऐसा करने में सफल रहे। 54 गेंदों में 135 रनों ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद अभिषेक ने कहा आज वह (युवराज सिंह) काफ़ी खुश होंगे।

आईपीएल 2024 में जब सनराइज़र्स हैदराबाद की टीम ने 277 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, तब अभिषेक शर्मा ने 23 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली थी। वह पीयूष चावला की एक शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने के प्रयास में मिड विकेट पर आउट हो गए थे। इस शॉट पर नाराज़ होते हुए युवराज ने ट्वीट करते हुए, अभिषेक के शॉट पर नाराज़गी जताई थी और लिखा था, लातों के भूत बातों से नहीं मानते। हालांकि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ रिकॉर्डतोड़ शतकीय पारी खेलने के बाद अभिषेक ने कहा, अगर विपक्षी टीम के गेंदबाज़ 150 की गति के आस-पास गेंदबाज़ी कर रहे हैं तो आपको थोड़ा पहले से ही तैयार रहना पड़ता है। अगर आप किसी विश्व स्तरीय गेंदबाज़ को कवर्स के ऊपर से शॉट मारते हैं तो आपका आत्मविश्वास ऐसे ही बढ़ जाता है। हालांकि मैंने आदिल राशिद के ख़िलाफ़ जिस तरह के शॉट्स लगाए, उससे मैं काफ़ी खुश हूं। शायद आज वह (युवराज सिंह) थोड़े ज़्यादा खुश होंगे। वह हमेशा से चाहते हैं कि मैं 15-20 ओवरों तक बल्लेबाज़ी करूं और आज मैं ऐसा करने में सफल रहा।

अभिषेक ने पावरप्ले के दौरान काफ़ी बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। उस दौरान उन्होंने 21 गेंदों में 58 रन बनाए। इसके अलावा इस मैच में वह दूसरे सबसे तेज़ शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज़ भी बने और अब उनके नाम किसी एक टी20 मैच में सबसे अधिक (किसी भारतीय खिलाड़ी के द्वारा) सिक्सर मारने का रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है। उनकी इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का भी खिताब दिया गया। उस दौरान उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है।

अगर मुझे कभी ऐसा लगता है कि आज का दिन मेरा दिन होने वाला है तो मैं पहली ही गेंद से अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता हूं। हमारे कोच(गौतम गंभीर) और कप्तान (सूर्यकुमार यादव) ने मेरे साथ पहले दिन से ही जिस का तरह का व्यवहार किया है, वह शानदार रहा है। वह हमेशा से चाहते हैं कि मैं इसी तरह का खेल खेलूं। उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है। अभिषेक ने इससे पहले भी इसी सीरीज़ के दौरान कोलकाता में गंभीर और सूर्यकुमार यादव के बारे में यही बात कही थी। जब मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर गंभीर से अभिषेक की पारी में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे लिए यह सबसे बेहतरीन टी20 पारियों में से एक है। उन्होंने अपनी पारी में कुछ अदभुत शॉट्स लगाए। उनके बैट स्विंग को देखिए, यह विश्वसनीय था। उनमें इसी तरह की प्रतिभा है। हम इसी तरह के खिलाड़ियों का पूरी तरह से समर्थन करना चाहते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि वह ख़राब फ़ॉर्म से गुजरे, लेकिन हमें उन्हें इसी तरह से समर्थन करना चाहते हैं। मैंने इससे बेहतर टी20 पारी नहीं देखी है।

जब इस बातचीत के दौरान अभिषेक के शॉट सिलेक्शन पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, जोफ़्रा आर्चर और मार्क वुड लगातार 150 की गति के आस-पास गेंदबाज़ी कर रहे थे और अभिषेक पूरे साहस के साथ पहली ही गेंद से अपने शॉट्स खेल रहे थे और यह देखना अदभुत था। हमारे ड्रेसिंग रूम में हम बस यही चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी साहसी रहें और व्यक्तिगत आकड़ों के बारे में सोचे बिना अपनी पारी को आगे बढ़ाएं और आज हमें यही देखने को मिला।

रेसलिंगः

## भारतीय पहलवान शिवराज रक्षे ने खोया अपना आपा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल के मैदान पर कभी-कभी ऐसी घटना घटती है जो निराश करने वाली होती हैं और इससे कई सवाल खड़े भी होते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अहिल्यानगरी में, जहां आयोजित 67वें महाराष्ट्र केसरी कुश्ती टूर्नामेंट में के दौरान रेसलर ने मैच रेफरी पर ही हमला बोल दिया।

इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में नांदेड़ के पहलवान शिवराज रक्षे ने फैसला (रिजल्ट) अपने खिलाफ आने पर रेफरी पर हमला कर दिया।

**शिवराज रक्षे ने रेफरी पर कर दिया हमला:** पहलवान के द्वारा मैच रेफरी पर हमले के दौरान जमकर हाथापाई हुई और इसके बाद माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया और टूर्नामेंट के माहौल को शांत बनाने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस ने वहां पहुंचकर मामले को शांत करवाया। ये घटना रक्षे और पृथ्वीराज मोहोल के बीच हुए मुकाबले के दौरान हुई जिसमें फैसला मोहोल के पक्ष में गया। पृथ्वीराज मोहोल के पक्ष में रिजल्ट जाते ही दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद शिवराज रक्षे ने मीडिया के सामने ही रेफरी का कॉलर पकड़कर उन्हें लात मारी और इस फैसले में बेईमानी करने का आरोप भी लगा दिया।

**शिवराज ने बेईमानी करने का आरोप लगायाः** इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब फाइनल बाउट के बाद पृथ्वीराज मोहोल को विजेता घोषित किया गया। रक्षे ने रेफरी के सामने दावा किया कि उन्होंने जो फैसला दिया है वो सही नहीं है और उन्होंने अधिकारियों पर भी बेईमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने मीडिया के सामने जूरी से इस फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया। इस घटना के बाद शिवराज रक्षे ने कहा कि मुझे गलत तरीके से बाहर रखा गया। फैसले में साफ तौर पर पक्षपात किया गया था।

मैंने उपमुख्यमंत्री अजीत पवाल से शिकायत की है। मैंने मांग की है कि मुझे रिव्यू दिकाया जाए और अगर फैसला सही है तो मैं खेल छोड़ दूंगा।

## डब्ल्यूपीएल: यूपी वॉरियर्स ने हीली की जगह चिनेले को चुना, हीथर और गार्थ RCB में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी वारियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी। हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट भी लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है। डिवाइन और क्रॉस ने व्यक्तिगत कारणों से इस साल डब्ल्यूपीएल से हटने का फैसला किया है।

## एक ही दिन में दो देशों में किया कमाल

**सुबह ठोका शतक, शाम को 3307 किमी. दूर जाकर टीम को जिताया**



**कोलंबो, एजेंसी।** दसुन शनाका को भले ही श्रीलंका की टीम से बाहर कर दिया गया है लेकिन ये खिलाड़ी एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है. शनाका इसलिए सुर्खियों में हैं क्योंकि इस खिलाड़ी ने एक ही दिन में दो देशों में कमाल कर दिखाया है. शनाका ने कुछ ऐसा किया है जिसके बारे में कोई खिलाड़ी सोच भी नहीं सकता. दरअसल श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने सुबह श्रीलंका में मेजर लीग टूर्नामेंट में मैच खेला और वहां शानदार सेंचुरी लगाई और मैच खत्म होने के बाद वो 3307 किमी. दूर दुबई पहुंच गए और वहां उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई.

शनाका श्रीलंका में मेजर लीग टूर्नामेंट में खेल रहे थे जो कि श्रीलंका का फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट है. सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब के लिए खेलते हुए इस खिलाड़ी ने 2 फरवरी को शानदार सेंचुरी लगाई. ये खिलाड़ी 7वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरा, जहां उन्होंने 87 गेंदों में 123 रनों की विस्फोटक पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 8 छक्के और 10 चौके लगाए. उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का रहा. इसके बाद कोलंबो एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से फ्लाइट लेकर दुबई पहुंच गए, जहां वो इंटरनेशनल लीग टी20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं.

**शनाका ने दुबई में भी दिखाया दम**

शनाका दुबई एयरपोर्ट से सीधे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे और उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 217 रन बनाए. शनाका पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और इस खिलाड़ी ने 12 गेंदों में 34 रनों की पारी खेली, जिसमें 2 छक्के और 4 चौके शामिल रहे. शनाका की दमदार पारी की वजह से दुबई कैपिटल्स ने अबु धाबी नाइट राइडर्स को 26 रनों से हरा दिया. वैसे शनाका के अलावा डेविड वॉर्नर ने भी 57 गेंदों में नाबाद 93 रनों की पारी खेली.

**शनाका इंसान हैं या मशीन?**

शनाका की हैरान करने वाली बात आपको बता दें कि इस खिलाड़ी ने पिछले पांच दिन में 2 देशों में 3 मैच खेले हैं. इस दौरान उन्होंने शतक लगाए हैं. विकेट लिए हैं. शनाका ने 6614 किमी. का सफर भी तय किया है. एक आम इंसान फ्लाइट में सफर कर ही थक जाता है लेकिन शनाका फ्लाइट्स में सफर तो कर ही रहे हैं साथ में क्रिकेट खेलकर अपनी टीम को मैच भी जिता रहे हैं. ऐसा लगता है शनाका कोई इंसान नहीं मशीन हैं.

## प्रज्ञानंद ने विश्व विजेता गुकेश को टाइब्रेकर में हराया, जीता शतरंज का बड़ा खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शतरंज की चौसर पर दो भारतीय दिग्गजों के बीच दिलचस्प मुकाबला हुआ। भारतीय विश्व चैंपियन गुकेश को हराकर प्रज्ञानंदा विजेता बने हैं। उन्होंने टाईब्रेकर में मुकाबला जीतकर टाटा स्टील मास्टर्स की ट्रॉफी अपने नाम की है। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाईब्रेकर में 2-1 से हराकर टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। इससे पूर्व दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम दिन अपनी बाजियां हार गए थे लेकिन दोनों के बीच खिताब के लिए टाईब्रेकर मुकाबला हुआ। दोनों के एकसमान साढ़े आठ अंक थे। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक



अब्दुसत्तारोव को पी हरिकृष्णा ने ड्रॉ पर रोककर उन्हें पूरे अंक हासिल करने से रोक लिया था। एजेंसी

**05 बार आनंद ने यह खिताब जीता था**

गुकेश को अंतिम दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जो विश्व चैंपियन बनने के बाद उनकी पहली हार थी जबकि प्रज्ञानंद को विन्सेंट कीमेर के खिलाफ हार मिली थी। अंतिम राउंड में दोनों खिलाड़ियों की हार से 2013 के कैंडिडेट टूर्नामेंट की याद ताजा हो गई जिसमें नॉर्वे के कार्लसन और रूस के व्लादिमीर क्रैमनिक बढ़त पर थे और हार गए थे।

## एसए 20: एमआई केप टाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को हराकर मजबूत की अपनी स्थिति



**केप टाउन, एजेंसी।** एमआई केप टाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराकर एसए20 सीजन 3 में टेबल-टॉपर्स के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। इस शानदार जीत के साथ उन्होंने न्यूलैंड्स में एक बेहतरीन रिकॉर्ड भी बनाया। रॉबिन पीटरसन की टीम पार्ल रॉयल्स के नक्शेकदम पर चलते हुए दूसरी ऐसी टीम बन गई है, जिसने पांच जीत के साथ अपने घरेलू मैदान पर अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है। एमआई केप टाउन ने 35 अंकों के साथ लीग चरण समाप्त किया, जो कि एक रिकॉर्ड अंक है। यह 95 रन से कैपिटल्स पर उनकी बड़ी जीत के कारण संभव हुआ। घरेलू टीम ने अपने लाइन-अप में छह बदलाव करने के बावजूद शुरुआत से ही मैच पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। सेदिकुल्लाह अटल और कॉनर एस्टरहुइजन की नई सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 133 रनों की शानदार साझेदारी की। बाएं हाथ के सेदिकुल्लाह ने 46 गेंदों में 77 रन बनाकर न्यूलैंड्स की भीड़ का भरपूर मनोरंजन किया, जबकि एस्टरहुइजन ने 43 गेंदों में 69 रन बनाए। डेलानो पोटगिएटर ने 15 गेंदों में 26 रन बनाकर अतिरिक्त रन जोड़ते हुए एमआई को 201/5 के स्कोर पर पहुंचा दिया, जो इस सीजन में न्यूलैंड्स का सबसे बड़ा स्कोर है। एमआई केप टाउन की गेंदबाजी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। खासकर ऑफ स्पिनर डेन पीड्ट ने। उन्होंने कैपिटल के सलामी बल्लेबाज विल जैक को पहली ही गेंद पर विकेट के पीछे कैच करा दिया। अपने शहर की टीम के लिए बेटवे एसए20 में पदार्पण कर रहे पीड्ट ने खुशी में रेलवे स्टैंड की ओर दौड़ते हुए जश्न मनाया। अनुभवी ऑफ स्पिनर शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 3/28 के शानदार आंकड़े के साथ दो और विकेट लिए, जिसके कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पीड्ट ने कहा, यह अद्भुत रहा है। मैं यहीं बड़ा हुआ हूं, अपनी पत्नी, बेटे और माता-पिता के सामने खेला। मैं लोगों को प्रेरित रखने की कोशिश करता हूं, अच्छी ऊर्जा पैदा करने और उन्हें खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करता हूं। मैं इसे दूर से देख रहा हूं, लेकिन यह सच में अद्भुत था। हम यही चाह रहे थे।

एमआई केप टाउन के स्पिनर शानदार फॉर्म में थे। लेग स्पिनर थॉमस काबर ने 3/21 का प्रभावशाली आंकड़ा हासिल किया, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने 2/11 का शानदार स्कोर प्राप्त किया। दोनों ने मिलकर कैपिटल्स के बल्लेबाजों को दबाव में रखा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सामूहिक रूप से, स्पिन तिकड़ी ने 8/60 का शानदार आंकड़ा हासिल करते हुए कैपिटल्स को 14 ओवरों में सिर्फ 106 रन पर सिमटने पर मजबूर कर दिया। स्टैंड-इन कप्तान कॉलिन इनग्राम ने कहा, हमें अच्छा समर्थन मिला है। भीड़ शानदार रही है।

# जेके सीमेंट प्लांट हादसा को लेकर लोगो मे आक्रोश

## जानकारी छिपाने के चलते लगातार बन रहीं शंका की स्थिति, अन्य मजदूरो ने लगाये आरोप कहा सैकड़ो मजदूर कर रहे थे काम



**पन्ना।** दिल दहला देने वाले हादसों के वीडियो वायरल होने की भनक लगने पर जेके सीमेंट प्लांट प्रबंधन ने बड़ी तादाद में मजदूरों-कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया था। एसडीआरएफ टीमों के द्वारा पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग के अमले और सीमेंट कंपनी कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से राहत और बचाव कार्य करते हुए नीचे दबे मजदूरों को निकाला था। प्रशासन के आलावा प्लांट के अंदर मीडिया, मजदूरों के परिजन समेत अन्य किसी के भी अंदर जाने पर पूर्णत: रोक लगा दी गई थी। यहां तक कि एम्बुलेंस वाहनों को कई घंटे तक गेट पर रोककर रखा, अंदर प्रवेश नहीं करने दिया था। इस कदम से भड़के मजदूरों के परिजनों द्वारा मृतकों एवं घायलों की संख्या और पहचान उजागर करने की मांग लेकर प्लांट के बाहर हंगामा करते हुएप्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया गया। सोशल मीडिया पर भी लोग इसी मांग को लेकर खुलकर गुस्सा जाहिर कर रहे थे। लगातार बढ़ते तनाव-दबाव के बीच हादसे के लगभग 6 घंटे बाद प्रशासन द्वारा 4 मजदूरों की मौत और 15 के घायल होने की आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई। लेकिन अधिकांश लोग प्रशासन द्वारा बताई गई मृतकों-घायलों की संख्या को संदिग्ध मान रहे हैं। 3 शेष मजदूर मलबे में दब गए मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में अमानगंज तहसील अंतर्गत हरदुआ केन ग्राम में स्थित जेके सीमेंट कंपनी के प्लांट की दूसरी यूनिट प्रोजेक्ट कार्य में गुरुवार 30 जनवरी को निर्माणधीन बहुमंजिला इमारत की छत ढालने का कार्य चल रहा था। इस दौरान सुबह लगभग 10 बजे अचानक छत की शटरिंग और स्लैब मटेरियल गिरने से वहां काम कर रहे कई मजदूर नीचे दब गए थे। मौके पर चींख-पुकार और अफरातफरी मच गई। हादसे के समय सीमेंट प्लांट में सैंकड़ों मजदूर एवं कर्मचारी मौजूद थे। ह्रदय विदारक हादसे के तुरंत बाद कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें कुछ मजदूर लोहे के सरिया में फंसे नजर आ रहे थे। भीषण हादसे के एक अन्य चश्मदीद बिहार निवासी युवा श्रमिक माचा ने जेके सीमेंट प्लांट प्रबंधन पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए बताया कि मृत मजदूरों के शवों छिपाकर गुपचुप तरीके से दफनाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां किसी को कोई नहीं बता रहा है कि कुल कितने लोग मरे है, हम लोगों को अपने साथियों को देखने के लिए अंदर जाने से रोका दिया था। श्रमिक माचा ने हादसे की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने तथा मृतकों के आश्रितों के सम्मानपूर्वक जीवन यापन के लिए पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। बता दें कि, हादसे में मृत मजदूरों एवं घायलों को लेकर किये गए दावों तथा आरोपों के संबंध में सीमेंट प्लांट प्रबंधक एपी से सिंह बात करने का काफी प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल फोन रिसीव नहीं हुआ। उधर प्रशासन चश्मदीदों के दावों को सिरे से खारिज करते हुए पूर्णत: असत्य और भ्रामक बता रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हादसे में 4 मजदूरों की मौत और 15 के घायल होने की पुष्टि की गई है। मामले को लेकर कमिश्नर द्वारा जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है, साथ ही जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी अधिकारीयों की तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच रिपोर्ट देने का पत्र जारी किया गया है। मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा भी अमानगंज में बड़ा प्रदर्शन किया गया था, तथा न्यायिक जांच की मांग सहित पीड़ित परिवारो को उचित मुआवजा एवं प्लांट में नोकरी देने की मांग की गई है। लेकिन सत्ताधारी दल भाजपा के जिम्मेवार जनप्रतिनिधि उक्त मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए है। सरकार तथा प्रशासन द्वारा भी म्रतको एवं घायलो के लिए अपनी ओर से किसी भी प्रकार की सहायता राशि देने की कोई घोषणा नहीं की गई है।

# वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नीलम खरे हुई सेवानिवृत्ति

## विद्यालय परिवार द्वारा दी गई भावभीनी विदाई



**पन्ना।** शासकीय माध्यमिक शाला आगरा पन्ना की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नीलम खरे 41 वर्ष की शासकीय सेवा पूरी करने के बाद अपनी अर्धवार्षिक की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुई है। उनके सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके दीर्घायू की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन से हुआ सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वहन करते हुए उपस्थित सभी अतिथि जनों का स्वागत किया गया। श्रीमती नीलम खरे का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक कृष्ण पाल सिंह यादव के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमती खरे सहज, सरल, व्यक्तित्व की धनी है, उन्होंने हमेशा निष्ठा से कार्य किया है कभी किसी कार्य के लिए मना नहीं किया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित पूर्व प्रधान अध्यापिका श्रीमती ममता खरे के द्वारा नीलम खरे के सम्मान में एक गीत कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीलम खरे के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मैं शासकीय सेवा से सेवा निवृत हो रही हूं परंतु आप सभी लोग मेरे अंतर्मन में हमेशा रहेंगे आप सभी लोगों ने जो मेरी सेवा निवृत्ति के सम्मान में यह कार्यक्रम रखा है मैं अभीभूत हूं और अपने शब्दों से प्रकट नहीं कर सकती हूं उन्होंने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें शिक्षकों का सम्मान करें एवं पढ़ लिखकर अपने स्कूल का नाम रोशन करें इस अवसर पर कमलेश कुमार त्रिपाठी, श्रीमती चंदा यादव, श्रीमती मधु त्रिपाठी, श्रीमती कीर्ति सोनी, श्रीमती नम्रता शर्मा, श्रीमती रक्षा खरे, श्रीमती संतोषी सेन श्रीमती गीता गोयल श्रीमती प्रतिभा खरे श्रीमती गीता रावत एवं श्रीमती शिवकली पुत्तीबाई सेन उपस्थिति रही कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक राज किशोर शर्मा के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक साथी कमलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# 'सेफ क्लिक' अभियान के तहत पुलिस द्वारा जिले भर में आयोजित किये जागरूकता कार्यक्रम



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर पर साइबर सुरक्षा संबंधी 'सेफ क्लिक' अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थाना क्षेत्रो में 'सेफ क्लिक अभियान' के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रमो के दौरान स्कूलों और कॉलेजों में सार्वजनिक संवाद सत्र आयोजित किए गये, जिनमें इंटरनेट उपयोग की सुरक्षित प्रथाओं, साइबर सुरक्षा और दैनिक जीवन में जिम्मेदार व्यवहार के महत्व पर सार्थक चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रमो का उद्देश्य सुरक्षित इंटरनेट के महत्व को प्रोत्साहित करना और साइबर फ्राड जैसे बड़े अपराधों के प्रति जनता को जागरूक करना है।

# शासकीय उचित मूल दुकान विक्रेता सनित मिश्रा को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित



**पन्ना।** पन्ना विकासखंड क्षेत्र के ग्राम जमुनहाई ग्राम की शासकीय उचित मूल दुकान के विक्रेता सनित मिश्रा द्वारा गरीबों को समय पर खदान वितरण करने एवं गरीबों की तुरंत समस्याओं का निदान करने के कार्य को देखते हुए उन्हें 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना फूड इंस्पेक्टर प्रदीप त्रिपाठी, देवेंद्र खेवरिया जी द्वारा की गई है। उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए सनित मिश्रा की इस उपलब्धि पर उनके ईस्ट मित्रों ने बधाइयां दी हैं।

# गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, माध्यम वर्ग के लिए मील का पत्थर साबित होगा यह बजट: बृजेंद्र प्रताप



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजेंद्रप्रताप सिंहने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे अति प्रसन्नता है कि संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जो बजट पेश किया गया गरीब किसान महिला एवं मध्यम वर्ग के लिए मिल का पत्थर साबित होगा, इस अमृतकाल में प्रस्तुत 2025 का बजट भारत को विकास के नए आयाम स्थापित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुझे बहुत अच्छा लग रहा था जब बजट में गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग के हितों की बात हो रही थी यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है दृ बजट के कुछ प्रमुख बिन्दुओं को मैं साझा कर रहा हूँ वैसे तो इस्तनी सौगातें मिलीं है कि गिनाने के लिए कई दिन कम पड़ेंगे। यह 140 करोड़ भारतीयों के आशाओं का बजट है, यह बजट मध्यमवर्ग व गरीब का बजट है। इस बजट में हमारी सरकार ने चिंता किया है कि नागरिकों की जेबें कैसे भरेंगी, पर्यटन को बढ़ावा देने वाला यह बजट है, चिकत्सीय क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर प्रदान करने वाला बजट है। 12 लाख तक की सामान्य आय पर इनकम टैक्स 0. सीनियर सिटिजन की इन्कम पर टीडीएस 1 लाख तक नही कटेगा। इसी तरह 6 लाख किराए तक टीडीएस नही कटेगा। किसानों को मिलेगा सस्ता कर्ज सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है. इससे किसानों को कम ब्याज दर पर कर्ज मिल सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. आर्थिक सुधार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा बजट में सरकार ने निजी निवेश को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। एमएसएमई सेक्टर को अधिक वित्तीय सहायता देने और निर्यात को बढ़ाने के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई है. यह हमारी सरकार का सराहनीय निर्णय है। छोटे उद्योगों को स्पेशल क्रेडिट कार्ड छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके अलावा भी अन्य क्षेत्रो में भी आम लोगो को बजट में राहत देने का कार्य किया है।

# इटवां खास हल्का में पदस्थ पटवारी रघुनाथ बागरी निलंबित

**पन्ना।** पन्ना तहसील अन्तर्गत हल्का नम्बर 31 इटवांखास तहसील पन्ना में पदस्थ पटवारी रघुनाथ बागरी को एसडीएम द्वारा निलंबित कर दिया गया है, श्री बागरी द्वारा विभिन्न शासकीय कार्यो में लापरवाही बरतने एवं भूमि संबंधित प्रकरण के संबंध मे समय पर जानकारी न देने तथा स्थानीय जमीन विक्रय करने के मामले में निलंबित किया गया है तथा इन्हे तहसील कार्यालय में अटैच किया गया है।

# बूचड़खाने बंद कराये जाये: राम लला सरकार



**पन्ना।** त्रिकालदर्शी एवं चमत्कारी संत श्री राम लला सरकार का दिव्य दरबार प्रत्येक शनिवार को पन्ना से लगभग 15 किलोमीटर दूर झारखंडन शक्तिपीठ ग्राम सकरिया के पास लग रहा है जहां हजारों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। इस दिव्य दरबार का स्वरूप लगातार बढ़ रहा है। 1 फरवरी 2025 शनिवार को लगे दिव्य दरबार में हजारों लोग पहुंचे, इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने श्री राम लला सरकार को भगवत गीता और त्रिशूल भेंट कर पुष्प माला से सम्मान किया एवं गौ रक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के बारे में अवगत कराया। श्री राम लला सरकार ने बताया कि वह देश के समस्त बूचड़खाने बंद करवा कर गाय को राष्ट्र माता और देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए संकल्पित हैं। इसी क्रम में महाराज के आह्वान पर दिव्य दरबार में उपस्थित लोगों ने देश के समस्त बूचड़खाने बंद करवाने का संकल्प लिया। दिव्य दरबार में पन्ना जिले के साथ-साथ दूसरे राज्यों के लोग भी पहुंच रहे हैं।

# ट्रैक्टर से दबने के चलते मजदूर की मौत

**पन्ना।** पन्ना जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत जल जीवन मिशन द्वारा खोदी जा रहीं पाईप लाईन के दौरान ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते मजदूर की मौत हो गई है। बताया जाता है कि जिस दौरान नाली खोदकर पाईप डाला जा रहा था, उसी दौरान चालक द्वारा ट्रैक्टर को चलते हुए छोड़ दिया उक्त ट्रैक्टर अचानक ढलान मे होने के चलते आंगे बढ़ गया, जिसकी चपेट में मजदूर कैलाश आ गया तथा उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में नेशनल पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान किया हासिल



**पन्ना।** पन्ना मध्य प्रदेश शासन योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का विषय विकसित मध्य प्रदेश /2047 हेतु जिले स्तर पर आयोजन दिनांक 23.12.2024 को किया गयाद्य प्रतियोगिता उपरांत जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय अनुसार कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी साक्षी कुशवाहा आत्मज जगत लाल कुशवाहा, नेशनल पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना, जिला पन्ना का चयन प्रथम स्थान के रूप में हुआ। चयनित छात्र के नाम को प्रदेश स्तरीय चयन हेतु नाम प्रस्तावित कर भोपाल भेजा गया तदोपरांत राज्य स्तर पर मूल्यांकन उपरांत चयन समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ चयनित निबंध में कुमारी साक्षी कुशवाहा आत्मज जगत लाल कुशवाहा, नेशनल पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना, जिला पन्ना का प्रथम स्थान पर चयन किया गया। उक्त सफलता पर जिले के वरिष्ट अधिकारीयों, विद्यालय परिवार तथा साक्षी के परिजनों नें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में शाहपुर की टीम बनीं विजेता



**पन्ना।** पन्ना तहसील अन्तर्गत ग्राम दमचुआ में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शाहपुर एवं कुंजवन के बीच खेला गया जिसमें शाहपुर ग्राम पंचायत गजना की टीम विजयी रही।

उक्त क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष बृजमोहन यादव उपस्थित रहें। इस दौरान श्री यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच मे वर्तमान सयम में गांव गांव में आयोजित किये जा रहें है, यह सौभाग्य का विषय है, युवाओं को अपनी शिक्षा के साथ साथ सेवा में भी रूचि रखना चाहीए। खेल गतिविधियों से शरीर स्वस्थ रहता है तथा एकता की भावना कायम होती है। विजेता तथा उप विजेता टीम को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरूष्कार वितरित किये गयें। कार्यक्रम मे राम राज यादव सहित आयोजक एवं ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहें।

# वाणी को वीणा बनाएं, बाण नहीं : ब्रह्माकुमारी

## सकारात्मक चिंतन से जीवन में सदा लाये बहार : बहन जी



**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पन्ना की ओर से अजयगढ़ में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही आध्यात्मिक रीति से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया है। बहन जी ने सभी को बसंत पंचमी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि मां सरस्वती से हमें प्रेरणा लेनी है, उनके समान निर्मल, पवित्र, शुद्ध मन रखना है। जब मन शुद्ध पवित्र होता है तो हमारे पास लक्ष्मी स्वत: आ जाती है। इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व है पीला रंग समृद्धि सफलता और खुशहाली का प्रतीक है।

आगे आपने कहा कि साथ ही हमें मां सरस्वती से प्रेरणा लेनी है - अपने मन-वचन-कर्म को पवित्र बनाने की। जब हमारे जीवन में पवित्रता आती है तो जीवन सुख शांति से भरपूर हो जाता है। मां सरस्वती को हंस की सवारी पर दिखाया गया है जो की पवित्रता का सूचक है, यह व्यर्थ और समर्थ को अलग करने में सक्षम होता है। आज हम सभी प्रतिज्ञा करें कि जीवन को व्यर्थ और नकारात्मक संकल्प बोल एवं कर्मों से सदा मुक्त करेंगे। मां सरस्वती को वीणा वादिनी भी कहा जाता है। वीणा तो सभी को बजाना नहीं आती है परंतु एक वीणा हम सभी के पास है - वह है हमारा मुख तो इससे हम सदा सुखदाई बोल ही बोलें, हंस के समान पवित्र सकारात्मक विचार ही धारण करें। अगर हम अपना जीवन सकारात्मक विचारों से भर लेंगे तो हमारे जीवन में सदा बहार रहेगी और हम सदा खुशहाल रहेंगे।

इस अवसर पर मां सरस्वती की भव्य झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। झांकी एवं कलश यात्रा, मां सरस्वती मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पर समापन हुई। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार जैन, संजय सुल्लेरे, लक्ष्मी गुप्ता, छेदीलाल रजक, एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पवई के वार्ड क्रमांक 4 से चौदह वर्षीय बालक लापता

## पिता को स्कूल जाने का कहकर हुआ लापता



**पन्ना।** पवई थाना के ग्राम उमरहट निवासी करुणेश लोधी उर्फ खुशी लाल लोधी का छोटा बेटा जयराम लोधी बीते 5 दिनों से लापता है जिससे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ग्राम उमरहट निवासी परिवार सहित बच्चों को पढ़ाने के लिए पवई नगर के वार्ड क्रमांक 04 में रहता था उसका छोटा लडका जयराम लोधी उम्र 14 वर्ष कक्षा नवमी में हनुमान बाल मंदिर में पढ़ता था। बीते 28 जनवरी को सुबह 10 बजे वह स्कूल का कहकर घर से चला गया। जब शाम तक वापस घर नहीं पहुंचा तो घरवालों ने विद्यालय में पता किया तो पता चलाा कि वह विद्यालय गया ही नहीं। इसके बाद आसपास व रिश्तेदारी में उसकी तलाश की गई परंतु कहीं पता नहीं चला तो 29 जनवरी को पवई पुलिस थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लापता बालक के पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 04 फरवरी 2025




वितीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं को दिशा देने के उद्देश्य से मुद्रित प्लान पुस्तक का गत दिनों कलेक्टर मऊगंज ने विमोचन किया। पुस्तक में आगामी वितीय वर्ष में किये जाने वाली क्रेडिट योजनाओं की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की गई है।



## साइबर अपराधों से बचने के लिए मोबाइल का सावधानी से उपयोग करें : कलेक्टर

### कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया साइबर अपराध रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में साइबर अपराध रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि हर व्यक्ति मोबाइल फोन का उपयोग कर रहा है। एक-दूसरे से संपर्क के साथ-साथ मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग, गेमिंग तथा अन्य कई कार्यों में मोबाइल का उपयोग हो रहा है। साइबर अपराधों से बचने के लिए मोबाइल का सावधानी से उपयोग करें। अनजाने नम्बरों से आने वाले फोन काल से सावधान रहें। किसी भी तरह के लालच या दबाव में आकर कोई भी वेबसाइट अथवा लिंक डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सेफ्टी फीचर ध्यान रखें। हाल ही में सीधी में एक व्यक्ति से एक करोड़ रुपए तथा रीवा में 50 लाख रुपए की साइबर ठगी हो चुकी है। स्वयं सावधानी बरतें तथा अन्य व्यक्तियों को भी साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक करें।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेकलाल ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश के अनुसार विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में एक फरवरी से 11 फरवरी तक सेफ क्लिक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक थाने तथा शिक्षण संस्थाओं में साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साइबर अपराध इस समय बहुत बड़ी चुनौती है। साइबर अपराधियों का नेटवर्क बहुत बड़ा है। इनमें से अधिकतर नेटवर्क विदेशों से संचालित हैं। राजस्थान और बिहार से भी कई साइबर अपराधियों के गिरोह लगातार सक्रिय हैं। कार्यक्रम में पुलिस साइबर सेल के श्री पटेल ने बताया कि साइबर अपराध लालच में आने और भय से होते हैं। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले भी साइबर अपराध ही हैं। साइबर अपराध से बचने के लिए काम खत्म होने के बाद मोबाइल का इंटरनेट बंद कर दें। रात में भी इंटरनेट बंद रखें। मोबाइल फोन में कोई भी महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर, जन्मतिथि, बैंक खाता नम्बर आदि न रखें। फर्जी वेबसाइट और लिंक के माध्यम से हैकर्स आपकी जानकारी आसानी से प्राप्त कर लेते हैं। इसके बाद आपको साइबर क्राइम का शिकार बनाते हैं।

कार्यक्रम में बताया गया कि सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक अथवा अन्य प्लेटफार्म का उपयोग करते समय सुरक्षा के उपाय करें। अपनी प्रोफाइल ओपन न रखें। व्हाट्सएप में ऑटो डाउनलोड आप्शन बंद कर दें। जिस मैसेज की आवश्यकता हो उसे ही डाउनलोड करें। व्हाट्सएप स्टेटस में ओनली कॉन्टैक्ट आप्शन रखें। सिम लेते समय केवल एक बार ही अंगूठा लगाएं। सिम बेचने वाले कई बार एक से अधिक बार अंगूठा लगवाकर एक सिम आपको देंगे तथा आपके दस्तावेजों के आधार पर दूसरी सिम का फर्जी रूप से उपयोग करेंगे। फर्जी सिम का नेटवर्क कंबोडिया से संचालित हो रहा है। कुछ दिनों पहले रीवा में ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी जारी करने की वेबसाइट पकड़ी गई थी। इसे उत्तरप्रदेश से संचालित किया जा रहा था।

साइबर अपराधों के संबंध में हेल्पलाइन नम्बर 1930 से भी सहायता ली जा सकती है। पुलिस कंट्रोल रूम रीवा की साइबर सेल भी आपको साइबर अपराध से बचाने में सहयोग करेगी। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## उचित मूल्य दूकान संचालन के लिये आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** मनगवां तहसील अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति नवागांव समिति की शासकीय उचित मूल्य दूकान हर्दी नं. 2 के संचालन के लिये पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनगवां से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को शाम 5 बजे तक पात्र संस्थाएँ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री 9 फरवरी को

**रीवा।** पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा 9 फरवरी को प्रातः रीवा पहुंचेगी तथा दोपहर 12 बजे कार द्वारा प्रयागराज रवाना होंगी। श्रीमती गौर 11 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे रीवा आकर रात्रि 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होंगी।

## प्रधानमंत्री से उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की शिष्टाचार भेंट

### ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिये व्यक्त किया आभार



**रीवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संसद भवन नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिये आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से राज्य के विकास के विभिन्न विषयों में मार्गदर्शन प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक होता है। जनहित के कार्यों में समर्पण के भाव और नव ऊर्जा का संचार करता है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश निरंतर कार्य कर रहा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये प्रतिबद्ध है।

## घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

### मोबाइल फोन उठाइए, अपना आयुष्मान कार्ड बनाइए

**रीवा।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा।

## उच्च शिक्षा मंत्री 7 फरवरी को रीवा होकर प्रयागराज जायेंगे

**रीवा।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार 6 फरवरी को रेवांचल एक्सप्रेस से रवाना होकर 7 फरवरी को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेगे तथा राजनिवास सर्किट हाउस में विश्राम के उपरांत प्रातः 9.30 बजे प्रयागराज रवाना होंगे। मंत्री श्री परमार 8 फरवरी को दोपहर बाद रीवा आकर रात्रि 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## नवाचार तथा मैदानी कर्मचारियों की क्षमतावृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करें : लोक निर्माण मंत्री

### प्रदेश के संभागों में एक साथ आयोजित हुई अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला



**रीवा।** लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की संभाग स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला का समदड़िया गोल्ड में गत दिवस आयोजन किया गया। कार्यशाला का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के सभी इंजीनियरों को आधुनिक निर्माण तकनीकों का ज्ञान होना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक का उपयोग करके निर्माण कार्य कराने पर गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ लागत में कमी आएगी। लोक निर्माण विभाग के सभी चीफ इंजीनियर निर्माण कार्यों में नवाचार तथा मैदानी कर्मचारियों की क्षमता वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करें। वर्तमान समय में टेक्नॉलाजी तेजी से विकसित हो रही है। सभी इंजीनियर नई तकनीकों को अपनाकर उसका निर्माण कार्यों में उपयोग करें। निर्माण कार्यों में नवाचार और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का कार्य इंजीनियरों के माध्यम से ही संभव हो सकता है। लोक निर्माण विभाग अपने गठन से लेकर अब तक प्रदेश के अधोसंरचना विकास में महत्वपूर्ण योगदान लगातार दे रहा है। विभाग द्वारा निर्मित संरचनाएं न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगी। सभी इंजीनियर लोक कल्याण की भावना को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य करें। विकसित मध्यप्रदेश का सपना पूरा करने में लोक निर्माण विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रदेश भर में संभाग स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला से इंजीनियरों को नवीन तकनीक के साथ-साथ नई ऊर्जा से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अभियंता संजय खाण्डे ने प्रजेंटेशन के माध्यम से निर्माण की नवीनतम तकनीकों व्हाइट टापिंग तकनीक, फुल डेप्थ रिक्लमेशन तकनीक तथा अल्ट्रा हाई परफार्मेंस कांक्रीट तकनीक से सड़कों के निर्माण की जानकारी दी। सड़क निर्माण में प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में नमी वाले क्षेत्रों में माइक्रो सरफेशिंग तकनीक से सड़कों की ऊपरी परत को चिकना और मजबूत बनाने तथा जियोग्रिड और ग्लासरिड तकनीक से कमजोर मिट्टी वाले स्थानों में मजबूत सड़क निर्माण की जानकारी दी गई। कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से सड़क निर्माण के लिए पेड़ों के स्थानांतरण तकनीक की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके उपयोग से निर्माण कार्यों के लिए पेड़ों को काटना नहीं पड़ेगा। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ विक्रांत तोमर के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग नीड असेसमेंट सत्र का आयोजन किया गया।

## जनवरी माह और 50 दिन से अधिक के आवेदन प्राथमिकता से निराकृत करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में जनवरी माह में प्राप्त आवेदनों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदनों का दो दिवस में निराकरण कराएं। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में राजस्व प्रकरणों सहित सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, गृह विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा श्रम विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। संबंधित अधिकारी इनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी योजना के समय सीमा से बाहर के प्रकरणों में सभी संबंधित अधिकारियों पर जुर्माने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में जनपद पंचायत के सहयोग से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर 70 साल से अधिक आयु के शेष बचे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लें। धरती आबा अभियान की समीक्षा बैठक इसी सप्ताह आयोजित की जाएगी। इस योजना से जुड़े अधिकारी निर्धारित बिन्दुओं की जानकारी आज ही जिला संयोजक ट्राईबल कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

## प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास

**रीवा।** प्रदेश मेंनगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। गीले कचरे को कंपोस्टिंग के लिये कटनी और सागर शहर में अत्याधुनिक स्वचालित इकाइयां लगाई गई हैं, जहां 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कंपोस्ट में बदला जा रहा है। इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोबरधन इकाई लगाई गई है।

रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी संचालित हो रही है। इनमें प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण किया जाकर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है। प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के लिये क्लस्टर आधार पर 1018.85 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाइयों के लिये केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर-उज्जैन में 607 टन कचरे से बिजली बनाने की यूनिट्स का काम प्रस्तावित है। इनके प्रारंभ होने से 12.15 मेगावॉट बिजली प्राप्त होगी।

## लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का उत्सव



**रीवा।** लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में 3 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी का त्योहार बड़े धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और विद्यालय के आंगन को बसंत के रंगों से सजा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें छात्रों ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद, छात्रों ने सुंदर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए, जिनमें बसंत ऋतु की सुंदरता और रंगों का जीवंत चित्रण किया गया। विशेष आकर्षण का केंद्र छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य था, जो बसंत की खुशबू और उल्लास को व्यक्त कर रहे थे। प्राचार्य डॉ. श्रीमती गायत्री शुक्ल ने विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की, सबसे पहले, मैं सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। बसंत पंचमी न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि यह ज्ञान, विद्या और कला की देवी सरस्वती की पूजा का पर्व भी है। इस दिन को हम सभी नई ऊर्जा और उमंग के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती के आशीर्वाद से अपने ज्ञान के मार्ग को और प्रगति की ओर बढ़ाते हैं। बसंत का मौसम हमें जीवन के नए पहलुओं को अपनाने और हर कठिनाई से उबरने की प्रेरणा देता है। यह ऋतु हमें यह सिखाती है कि जैसे पेड़-पौधे और फूल अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करते हैं, वैसे ही हमें भी हर दिन को नए उत्साह और जोश के साथ जीना चाहिए।

## कैंसर की समय पर पहचान समुचित उपचार के लिये अहमः शुक्ल

### कैंसर देखभाल में क्रांति लाने के लिए विशेष बजट प्रावधान

**रीवा।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर जैसे गंभीर रोग की समय पर पहचान समुचित उपचार के लिये अहम है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत विज़न से प्रेरणा लेते हुए निरंतर प्रयासरत है। हर नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और किफायती रूप से मिल सकें। इसी दिशा में राज्य और केंद्र सरकार ने कैंसर उपचार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में कैंसर देखभाल के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कैंसर की दवाओं को सुलभ और सस्ती दर में उपलब्ध कराने के प्रावधान हैं। इसके अलावा, हर ज़िले में कैंसर देखभाल केंद्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया गया है, जिससे कैंसर डायग्नोसिस और उपचार की सुविधा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को मिल सकेगी। राज्य सरकार भी इन केंद्रों को स्थापित करने के लिए प्राथमिकता दे रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल डिस्पेंसरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की वीआईए जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस जांच को प्रत्येक पांच वर्ष में कम से कम एक बार करवाना आवश्यक है। जिला अस्पतालों में बायोप्सी सैंपलिंग और मेडिसिन कीमोथेरेपी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं का विकेंद्रीकरण सुनिश्चित करते हुए कैंसर के इलाज को मेडिकल कॉलेजों और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी संस्थाओं में सुलभ बनाया है। पहले जहां कैंसर का उपचार केवल निजी अस्पतालों में ही उपलब्ध था, अब राज्य के विभिन्न जिलों में, सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में उन्नत कैंसर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर कैंसर सहित असंचारी रोगों की पहचान के लिए सीबैक फॉर्म भरवाए गए हैं। जिसके आधार पर एनसीडी पोर्टल के माध्यम से मरीजों का उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज, हाईपरटेंशन और कैंसर जैसे असंचारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, इसलिए इनकी समय पर पहचान और समुचित उपचार आवश्यक है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत कैंसर के उपचार की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है। अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक भी इस योजना के तहत महंगे इलाज का लाभ बिना किसी वित्तीय बोझ के उठा सकते हैं। जिला अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी उन्नत डायग्नोसिस सुविधाएं पात्र हितग्राहियों के लिए निःशुल्क तथा अन्य नागरिकों के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833